हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, गुरुवार 21 मार्च 2024

# 12 लाख टन धान अब भी खुले में, बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/बलौदाबाजार/कवर्धा

खास खबर

बेमौसम अंधड़-पानी ने सोसाइटियों में जाम पड़े धान के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। कैप कवर के बावजूद बौछारों ने धान को गीला कर दिया है। पिछले दो दिनों से हो रही बारिश की वजह से कवर्धा जिले के पंडरिया विकासखंड की दामापुर सोसाइटी में सैकड़ों क्विंटल धान भीग गया है। इसी तरह बलौदाबाजार जिले के कई खरीदी केंद्रों में आंधी तूफान की वजह से तिरपाल उड़ने के कारण 16 हजार क्विंटल से अधिक धान गीला हो चुका है। बताया जा रहा है कि राज्य में अभी कई जिलों के उपार्जन केंद्रों में 10 से 12 लाख टन धान खुले में रखा हुआ है।

बेमौसम आंधी तूफान और बारिश से धान खरीदी केंद्र सोसाइटियों में धान का कवर उड़ चुका है। नीचे जमीन पर पानी भर चुका है। इससे धान को नुकसान होने से इनकार नहीं किया जा सकता। खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव सुचारू रूप से नहीं हो पाने के कारण समिति प्रबंधक एवं कर्मचारी परेशान हैं। मार्कफेड बारिश की स्थिति को लेकर सभी डीएमओ से शेष बचे धान का डीओ काटकर मिलिंग कराने के निर्देश जारी किए हैं।

## बलौदाबाजार और कवर्धा में उपार्जन केंद्रों में धान भींगने की जानकारी

### बलौदाबाजार में 16 हजार क्विंटल भींगा

बलौदाबाजार जिले में लवन के कई उपार्जन केन्द्रों में 7.50 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुआ। जिसमें 4 लाख 91 हजार क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। शेष बचे 2 लाख 41 हजार क्विंटल धान का उठाव अभी बाकि है। यहां के भवानीपुर, देवसुंदरा, सिसदेवरी, कोसमदा, शैल खेरा और लवन के उपार्जन केंद्रों में धान भीगने की जानकारी आई है।





### दामापुर सोसायटी में भींगा धान

कवर्धा जिले में धान उपार्जन केंद्रों में 1 लाख 8 हजार टन से अधिक धन का उठाव होना बाकी है। बारिश और ओला पड़ने से कवर्धा में काफी व्यापक असर हुआ है। जिले के पंडरिया ब्लॉक के दामापुर सोसायटी में 3900 क्विंटल धान के भींगने की जानकारी सामने आई है। सभी समिति प्रबंधकों से कहा गया है कि अपने-अपने केंद्रों में ढके धान को भी चेक करने के बाद राइस मिलरों से जल्द उठाव कराएं।









### बिना सुनवाई ईडी की हिरासत में आरोपी को लेकर सुप्रीम कोर्ट खफा

# आरोपी को जेल में रखने बार-बार फाइल नहीं कर सकते चार्जशीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

> सुप्रीम कोर्ट ने किसी आरोपी को डिफ़ॉल्ट जमानत देने से इंकार करने और ऐसे व्यक्तियों को अनिश्चितकाल तक जेल में रखने के लिए चार्जशीट दाखिल करने पर प्रवर्तन निदेशालय से सवाल किया है। कोर्ट ने कहा कि आप बार-बार चार्जशीट फाइल नहीं कर सकते हैं और फिर शख्स को बिना ट्रायल के जेल में रहने पर मजबूर होना पड़े।

- 18 महीने से हिरासत में आरोपी, शीर्ष न्यायालय से लगाई गुहार

आरोपी के स्वतः जमानत पाने के अधिकार को खत्म करने के लिए धन शोधन मामलों में पूरक आरोपपत्र दाखिल करने के प्रवर्तन निदेशालय के प्रयासों की निंदा करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि किसी आरोपी को बिना मुकदमे के हिरासत में रखना कैद के समान है जो स्वतंत्रता में बाधक है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने झारखंड में कथित अवैध खनन से उत्पन्न धन शोधन मामले में ईडी द्वारा चार पूरक आरोपपत्र दाखिल करने पर आपत्ति जताई। इनमें से नवीनतम पूरक आरोपपत्र एक मार्च 2024 को दाखिल किया गया। शीर्ष अदालत झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कथित सहयोगी प्रेम प्रकाश की स्वतः (डिफॉल्ट) ▶▶| शेष पेज 4 पर

### क्या है मामला

कोर्ट ने यह टिप्पणी झारखंड के अवैध खनन मामले से जुड़े एक आरोपी द्वारा दायर जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए की है। आरोपी प्रेम प्रकाश-पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कथित सहयोगी है, जिसे पिछले महीने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में ईडी ने गिरफ्तार किया था। प्रकाश को पिछले साल जनवरी में झारखंड उच्च न्यायालय ने जमानत देने से इंकार कर दिया था। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, जिसमें कहा गया है कि उन्होंने 18 महीने जेल में बिताए हैं और इस वजह से यह जमानत का स्पष्ट मामला है।



### कोर्ट ने कहा-जमानत से नहीं कर सकते वंचित

न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि किसी आरोपी को पूरक आरोपपत्र दायर करके स्वतः जमानत के लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि याचिकाकर्ता 18 महीने से सलाखों के पीछे है और एक के बाद एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किए जा रहे हैं, जिससे अंततः मुकदमे में देरी हो रही है।

### एएसजी ने जवाब देने मांगा एक माह

पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कई सवाल पूछे जिन्होंने सवालों का जवाब देने के लिए एक महीने का समय मांगा और कहा कि आरोपी एक प्रभावशाली व्यक्ति है और अगर उसे जमानत पर रिहा किया गया तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है और सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकता है। शीर्ष अदालत ने राजू को एक महीने के भीतर पीठ द्वारा पूछे गए सभी सवालों का जवाब देने को कहा और मामले की अगली सुनवाई 29 अप्रैल के लिए तय की।

### इधर, सीईसी नियुक्ति पर जरूरी नहीं जज

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर केंद्रीय मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 पर अपना पक्ष स्पष्ट किया है। केंद्र सरकार ने कहा-यह दलील गलत है कि आयोग तभी स्वतंत्र होगा, जब चयन समिति में जज हों। चुनाव आयुक्तों की योग्यता पर सवाल नहीं है। इस याचिका का मकसद सिर्फ राजनीतिक विवाद को खड़ा करना है। नियुक्ति के लिए बनाए गए नए कानून पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर केंद्र सरकार ने कहा, कानून के खिलाफ दाखिल याचिका खारिज की जाए। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े कानून पर अपना रूख स्पष्ट करते हुए दायर हलफनामे में केंद्र सरकार ने कानूनों पर रोक लगाने की मांग करने वाले आवेदनों का विरोध किया। सरकार ने कहा कि चुनाव आयोग, ▶▶| शेष पेज 4 पर

पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के दर्रीपारा प्राथमिक स्कूल की घटना

# खाना खा रहे बच्चों पर गिरा शेड, 12 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

जिले के पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम दर्रीपारा प्राथमिक शाला में बुधवार को तेज आंधी के कारण छत में लगे एस्बेस्टस शीट का शेड गिर जाने से 12 बच्चे घायल हो गए हैं। स्कूल में इस घटना से भगदड़ की स्थिति मच गई। घायल बच्चों को तत्काल ग्रामीण एवं स्कूल के शिक्षकों द्वारा पसान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। कुछ बच्चों को पेंड्रा भेजे जाने की जानकारी सामने आई है।

प्रतिदिन की तरह बुधवार को प्राथमिक शाला दर्रीपारा में बच्चे दोपहर लगभग 1 बजे मध्यान्ह भोजन के ▶▶| शेष पेज 4 पर



### सभी बच्चे खतरे से बाहर

> घटना की जानकारी डीईओ से ली गई है, सभी घायल बच्चों की स्थिति सामान्य है। जिले में जितने भी ऐसे स्कूल हैं जिनके छत शीट की हैं उन सभी को बदलने का निर्देश दिया गया है। डीएमएफ से सभी स्कूलों के छत स्लैब के बनाए जाएंगे।
>
> अजीत वसंत
> कलेक्टर

### राहत शिविर में रह रहे चार बच्चे नदी में डूबे

चुराचांदपुर। मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में एक राहत शिविर में अपने परिवार के साथ रह रहे चार बच्चे नदी में डूब गये। बच्चों की उम्र चार से नौ वर्ष के बीच है जिनमें तीन लड़कियां और एक लड़का शामिल है। वे राज्य में जातीय संघर्ष के कारण तुईबुओंग में 'ईसीए कनान' राहत शिविर में रह रहे थे। वे मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे अपने शिविर के पास तुइथा नदी में नहाने गये थे। जब वे काफी देर तक वापस नहीं लौटे तो उनके परिवार वालों ने शिविर में रह रहे अन्य लोगों के साथ मिलकर उनकी तलाश शुरू कर दी।








## मां दंतेश्वरी के दर्शन कर सीएम ने शुरू किया प्रचार

- साय बोले- कांग्रेस डूबती हुई नैय्या, कभी भी डूबने की स्थिति : साय
- छोटे से कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाना भाजपा में ही संभव : महेश

**हरिभूमि न्यूज/दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा की पावनधरा में माई दंतेश्वरी के आशीर्वाद के साथ ग्राम चितालंका के मैदान से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को लोकसभा चुनाव का आगाज किया। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने माता दंतेश्वरी का आशीर्वाद लेकर लोकसभा चुनाव प्रचार का आगाज किया है। इससे पहले भी भाजपा ने अपने चुनाव प्रचार या किसी भी प्रकार की यात्रा हो, ▶▶| शेष पेज 4 पर



# पूर्व मंत्री के पुत्र, एसडीएम और कारोबारियों से ईडी ने की पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ में एक बार फिर डीएमएफ घोटाले सहित अन्य मामलों की जांच फिर तेज हो गई है। बुधवार को ईडी की नोटिस पर रायपुर पहुंचे पथरिया एसडीएम, पूर्व मंत्री के पुत्र और कारोबारियो से ईडी दफ्तर में लंबी पूछताछ हुई। सभी से ईडी की टीम ने अलग अलग पूछताछ की। यह पूछताछ बारह घंटे से ▶▶| शेष पेज 4 पर

### ईडी दफ्तर के बाहर शुभचिंतक डटे

अंदर ईडी की टीम घोटाले में संदेहियों से पूछताछ कर रही थी। वहीं, ईडी दफ्तर के बाहर संदेहियों के परिजन, शुभचिंतक, ड्राइवर और नौकर चाकर अपनी ड्यूटी बजाते रहे। देर रात जब एक-एक कर सभी बयान देकर बाहर आए, तो सबने राहत की सांस ली।

# उम्र-58 साल, आईवीएफ से बच्चा कैसे, मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पंजाब के मशहूर दिवंगत सिंगर सिद्धू मूसेवाला की मां चरण कौर ने अभी हाल में एक बेटे को जन्म दिया है। इकलौते बेटे की मौत के बाद उन्होंने प्रेग्नेंसी के लिए इन विट्रो फर्टिलाइजेशन तकनीक का सहारा लिया था। चरण कौर की उम्र 58 साल है। इसको लेकर बुधवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने आईवीएफ ट्रीटमेंट को लेकर सिद्धू मूसेवाला की मां और पंजाब सरकार से रिपोर्ट मांगी है।

### भारत में क्या हैं नियम?

आईवीएफ तकनीक से 60, 70, 80 की उम्र में भी बच्चे पैदा किए जा सकते हैं, लेकिन हिंदुस्तान के नियमों के मुताबिक, यहां इस उम्र सीमा की इजाजत नहीं है। भारत में साल 2021 में पारित किए गए कानून के अनुसार महिलाओं को 50 साल की उम्र तक आईवीएफ ट्रीटमेंट से मां बनने की अनुमति है।






# हरिभूमि रण भूमि
## लोकसभा सत्ता संग्राम-2024



# जनता महंगाई-बेरोजगारी से त्रस्त, सांसद ने काम किया नहीं, इसलिए जीत का भरोसा

## दुर्ग लोकसभा के प्रत्याशी राजेंद्र साहू से विशेष बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने कहा कि दुर्ग सांसद विजय बघेल ने पांच साल में ऐसा कोई काम नहीं किया कि उन्हें जनता याद रखे। रही भारतीय जनता पार्टी की, दस साल से लोग महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त हैं। जनता कांग्रेस को अपना पूरा आशीर्वाद देगी। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अनुरोध किया है कि उन्हें अपना बेटा और भाई समझकर चुनाव में पूरा भरोसा जताएं। चुनावी संवाद कार्यक्रम में हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी ने राजेंद्र साहू से चर्चा की।

**सवाल**- पिछले चुनाव में सबसे ज्यादा अंतर से जीतने वाले सांसद विजय बघेल के खिलाफ चुनाव लड़ने की हिम्मत आपने कैसे जुटाई।

**जवाब**- यहां के मतदाताओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के आशीर्वाद से मुझे अवसर मिला है। कांग्रेस पार्टी ने यहां से प्रत्याशी बनाया है। यहां की जनता हमें अपना आशीर्वाद देकर विजयी बनाएगी। पिछले पांच सालों में दुर्ग से सांसद रहते उन्होंने अपने क्षेत्र में कोई ऐसा काम नहीं किया कि जनता उन्हें याद करे।

**सवाल**- दुर्ग से बड़े-बड़े नेताओं ने चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं दिखाई। भूपेश राजनांदगांव और ताम्रध्वज महासमुंद चले गए, ऐसा क्यों?

**जवाब**- कांग्रेस पार्टी ने अपने एक छोटे कार्यकर्ता को यहां से चुनाव लड़ाने का फैसला लिया है। यह बात सामने आई, तो यहां के बड़े नेताओं ने दूसरे स्थानों से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। मैं जिला सहकारी बैंक में अध्यक्ष था, लेकिन अब नहीं हूं। पार्टी का छोटा कार्यकर्ता हूं। मुझे अवसर मिला है, परिणाम सुखद रहेगा।

**सवाल**- विधानसभा चुनाव में कई सीटों में हार के बाद भी आप सुखद परिणाम की उम्मीद कर रहे हैं। यह कैसे?

**जवाब**- सुखद परिणाम की आशा इसलिए कर रहे हैं कि विधानसभा चुनाव के बाद परिस्थिति बदली है। दुर्ग लोकसभा में पाटन और भिलाई नगर कांग्रेस ने जीती है। यहां पर हम 1 लाख 60 हजार वोटों से पीछे हैं। परिस्थितियां बदलती रहती हैं। 2014 में यहां पर कांग्रेस के 7 विधायक होने के बाद भी कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में जीत मिली थी। सांसद का पिछले पांच साल यहां पर कोई अच्छा योगदान नहीं रहा। महंगाई, काला धन वापस लाने, 400 का गैस सिलेंडर 1200 रुपए में मिल रहा है। किसानों पर केंद्र की भाजपा सरकार ने गोलियां चलवाई।




**सवाल**- 2014 की दलील तर्क संगत है। उस समय कांग्रेस के लिए भाजपा के लोगों ने पसीना बहाया था। अब आप को भी चुनने ऐसा ही होने वाला है क्या?

**जवाब**- क्षेत्र की जनता से मेरा सतत संपर्क रहा है। छात्रसंघ, किसानों, युवा, बेरोजगारों से लगातार संपर्क रहा है। दुर्ग-बेमेतरा-नवागढ़ तक दौरा करता हूं। कांग्रेस तन-मन-धन से चुनाव लड़ेगी। किसान आदमी हूं, जनता की ओर से चुनाव लड़ रहा हूं।

**सवाल**- भाजपा देश में 370 सीट जीतने का दावा कर रही है। इसमें दुर्ग रहेगा कि नहीं?

**जवाब**- भाजपा हवा में बात करती है। उनके लोग इसे उछाल रहे हैं। मीडिया में ऐसा माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। अभी 2004 की स्थिति बन रही है। मणिपुर में महतारी बहन को निर्वस्त्र घुमाया गया, तब ये लोग कहां थे। महिला पहलवानों पर ज्यादती हो रही थी, तक कहां थे। किसानों को गोली मारी जाती है तब कोई आगे नहीं आता। युवाओं के रोजगार के लिए भाजपा की केंद्र सरकार ने कुछ नहीं किया।

**सवाल**- प्रदेश की सरकार ने 3 माह में मोदी की कई गारंटियों को पूरा किया है। उनका लाभ तो मिलेगा कि नहीं।

**जवाब**- प्रदेश सरकार से मै पूछना चाह रहा हूं कि 14 लाख लोगों को आवास देने की बात कही थी। हितग्राहियों को एक भी किस्त नहीं मिली। किसानों को दिए जाने वाले धान की कीमत बैंकों में नहीं पहुंची। किसान बैंक से लाख रुपए की मांग करता हैं, तो उसे 10-20 हजार दिया जाता है। बेरोजगारी भत्ता, गोबर खरीदी बंद कर दिया। कांग्रेस सरकार के समय 35 किलो चावल राशन कार्ड में मिलता था, उसे घटाकर 5 किलो कर दिया गया है। लोकसभा चुनाव के बाद कई योजनाएं बंद हो जाएंगी।

**सवाल**- चुनाव में राम मंदिर का मुद्दा कितना प्रभावी रहेगा। कांग्रेसी भाजपा में प्रवेश कर रहे हैं। इस पर क्या कहेंगे।

**जवाब**- भगवान राम सबके आराध्य हैं। राम का आशीर्वाद कांग्रेसियों को भी मिलेगा। कांग्रेस के लोगों को भाजपा ईडी-आईटी और सीबीआई का डर दिखा रही है। नेताओं को डरा धमका कर पार्टी प्रवेश करा रहे हैं। भूपेश पर भी ईडी का डर दिखाया जा रहा है, पर वे जांबाज की तरह उनसे लड़ रहे हैं।

**सवाल**- कई पूर्व सांसदों का टिकट कटा, लेकिन वे और संतोष को दोबारा टिकट इसे कैसे देखते हैं।

**जवाब**- विजय बघेल केवल भूपेश के विरोध में बोलते हैं। बीएसपी के पूर्व कर्मी रहे विजय ने यहां की समस्याओं के बारे में कभी भी संसद में आवाज नहीं उठाई। यहां के सेक्टर-9 अस्पताल की हालत खराब है। मोतीलाल वोरा, वासुदेव चंद्राकर ने अपने क्षेत्र के लिए प्रयास किया, वैसा अब नहीं हो रहा।

## आमने/सामने

### कांग्रेस में बिखराव, कार्यकर्ताओं में नाराजगी-साय



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस के प्रत्याशियों के ऐलान नहीं होने पर कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा, कांग्रेस में बिखराव है, डूबती नैया है। इनकी नाव में छेद हो रहा, पानी भर रहा है। लोग कांग्रेस छोड़कर जा रहे हैं। इतना बिखराव है कि पूर्व सीएम के सामने कार्यकर्ताओं की नाराजगी देखी जा रही है। इतना पीड़ित हैं कि उनके सामने बोलना पड़ रहा कि 5 साल में आपने कार्यकर्ताओं को पूछा नहीं।

### कांग्रेस नेताओं को डराकर, भाजपा प्रवेश -महंत



नेता प्रतिपक्ष चरणदास मंहत ने आरोप लगाया कि भाजपा, कांग्रेस नेताओं को डराकर अपनी पार्टी में शामिल होने कह रही है। मैं खुलकर नाम लेकर बता रहा हूं। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल पर भाजपा में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा है। नहीं तो झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी जा रही है। पूर्व संगठन महामंत्री अरुण सिसोदिया को भी डराया गया। चिट्ठी और बयान उसी का हिस्सा है।

## गोंगपा के साथ टूटा गठबंधन

# अब बसपा उतारेगी सभी 11 सीटों पर उम्मीदवार

### बसपा ने खुद ही गठबंधन तोड़ लिया- गोंगपा

### विधानसभा साथ मिलकर लड़े, एक सीट मिली थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजनीति में तीन महीना पहले तक बने रहने वाले गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के बीच गठबंधन टूट गया है। बसपा ने अब तय किया है कि वह राज्य की सभी 11 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। इससे पहले विधानसभा 2023 के चुनाव में दोनों पार्टियों ने गठबंधन कर सभी 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ा था, लेकिन केवल गोंगपा एक सीट जीत पाई थी।

### बसपा प्रत्याशी जल्द होंगे घोषित

बसपा राज्य की सभी 11 लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने के अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी ओमप्रकाश बाजपेयी ने हरिभूमि से चर्चा में कहा है कि जल्द ही सभी सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिए जाएंगे। उन्होंने ये भी साफ किया है कि पिछले विधानसभा चुनाव में पार्टी गोंगपा के साथ मिलकर लड़ी थी, लेकिन इस बार गठबंधन नहीं होगा।




### क्यों टूटा गठबंधन

*इन दोनों दलों के बीच गठबंधन क्यों टूटा? इस सवाल का कोई सीधा जवाब बसपा के प्रदेश प्रभारी ने नहीं दिया है। कारण पूछने पर उन्होंने केवल यही कहा कि दोनों दल अपने संगठन का विस्तार करना चाहते हैं, इसलिए अलग-अलग लड़ रहे हैं। गठबंधन टूटने के सवाल पर गोंगपा प्रमुख एवं मौजूदा विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम का कहना है कि बसपा ने गठबंधन तोड़ लिया। कारण पूछने पर उन्होंने कुछ भी नहीं बताया।*

### बसपा को रास नहीं आता गठबंधन

छत्तीसगढ़ की राजनीति में बसपा अपना जनाधार लगातार खोती जा रही है। इस बार विधानसभा में भी पार्टी का कोई विधायक नहीं है। इससे पहले एक- दो विधायकों के साथ विधानसभा में पार्टी की मौजूदगी नजर आती थी। खास बात ये है कि पिछले कुछ चुनावों को देखा जाए, तो बसपा को छत्तीसगढ़ में गठबंधन की राजनीति रास नहीं आ रही है। 2018 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने जोगी कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ा था, लेकिन लोकसभा 2019 आते-आते यह गठबंधन टूट गया। इस बार वैसा ही गोंगपा के गठबंधन को लेकर हुआ है।

### विधानसभा में गठबंधन नहीं चला था

बसपा को 2018 के विधानसभा चुनाव में गोंगपा के साथ गठबंधन फायदेमंद नहीं रहा था। इस चुनाव में बसपा ने राज्य की 90 सीटों में से 53 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे, जबकि गोंगपा के हिस्से में 37 सीटें आई थीं। गोंगपा प्रमुख तुलेश्वर सिंह मरकार गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में पाली तानाखार सीट जीतने में सफल रहे थे, लेकिन बसपा को जो सीटें मिलती थीं, उसमें भी हार का सामना करना पड़ा था। लिहाजा इस बार बसपा ने अकेले ही चुनाव लड़ने का रास्ता चुना है।

## नाराज प्रतिभा का मंडी संसदीय सीट से चुनाव लड़ने से इंकार



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने मंडी संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने से इन्कार कर दिया है। बुधवार सुबह दिल्ली से शिमला पहुंचीं प्रतिभा सिंह ने कहा कि वह चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है। सिर्फ एमपी फंड बांटने से चुनाव नहीं लड़ा जा सकता। हमारा कार्यकर्ता निराश है। प्रतिभा ने कहा कि आज कोई भी सक्रिय कार्यकर्ता नजर नहीं आ रहा जो पार्टी के लिए काम करेगा। यह पार्टी के लिए अहम रोल निभाते हैं। कई बार सरकार को कहा कि इन्हें महत्व दिया जाए। मैं लगातार फील्ड में रही हूं। मुझे नहीं लगता कि हमें इन हालात में सफलता मिलेगी। जो भी प्रत्याशी तय होगा, उसकी मदद करेंगे। कहा कि उपचुनाव में जीत दिलाना हमारा कर्तव्य है। उपचुनाव के लिए प्रचार करेंगे। सरकार बचाने के लिए उपचुनाव जरूरी हो गए हैं।

## सपा से अलग होंगी पल्लवी 3 सीटों पर लड़ने का ऐलान

### अपना दल कमेरावादी की हैं पटेल



**लखनऊ।** सपा विधायक पल्लवी पटेल समाजवादी पार्टी से अलग होकर चुनाव लड़ेंगी। उनकी पार्टी अपना दल कमेरावादी ने प्रदेश की तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान किया है। अपना दल कमेरावादी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने कहा कि हम शुरू से ही इंडिया गठबंधन में हैं। गठबंधन की बैठकों में शामिल होते रहे हैं और हमारी पार्टी ने फूलपुर, कौशांबी और मिर्जापुर सीट पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। पल्लवी पटेल इन्हीं में से किसी सीट पर चुनाव लड़ेंगी। कृष्णा पटेल ने कहा कि हम विधानसभा चुनाव से ही सपा के साथ गठबंधन में हैं और इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। अब इन तीन सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा करते हैं। हम इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेताओं से संवाद करने का प्रयास कर रहे हैं अभी तक कोई बात नहीं हो सकी है। पल्लवी समाजवादी पार्टी के सिंबल से सिराथू कौशांबी सीट से विधायक हैं। उन्होंने राज्यसभा चुनाव में सपा से बगावत की थी। उन्होंने पार्टी द्वारा घोषित किए गए उम्मीदवारों पर सवाल उठाते हुए कहा था कि इनमें पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यकों) की अनदेखी की गई है। इसके बाद से ही उनके सुर बगावती ही रहे और अब उन्होंने सपा से अलग हटकर लोकसभा चुनाव लड़ने की बात कही है।

## मुलायम सिंह यादव की पोती की राजनीति में एंट्री



### मां डिंपल संग सभाओं में नजर आ रहीं अदिति

**लखनऊ।** यूं तो सैफई परिवार की तीन पीढ़ियां सियासत की ऊंचाइयां छू चुकी हैं, लेकिन अब सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और सांसद डिंपल यादव की बेटी अदिति यादव भी राजनीति का ककहरा सीख रही हैं। कुसमरा में आयोजित सम्मेलन में वे कार्यकर्ताओं के बीच नजर आईं। मां डिंपल यादव के हर शब्द को वे गौर से सुनती और समझती रहीं। कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचीं 22 वर्ष की अदिति चाहतीं तो मंच पर मां डिंपल यादव के साथ भी बैठ सकती थीं। लेकिन उन्होंने अपनी जगह नीचे कार्यकर्ताओं के बीच बनाई। कुछ महिला कार्यकर्ताओं के बीच वे सादगी से बैठीं नजर आईं। या यूं कहें कि कार्यकर्ताओं के बीच बैठकर वे उनसे जुड़ने की कोशिश करती नजर आईं। कारण चाहे जो भी हो लेकिन लोगों के बीच अदिति यादव के राजनीति में आने की चर्चाओं ने जोर जरूर पकड़ लिया है।

### लोकसभा चुनाव से पहले पार्टियों में मची हुई है उथल-पुथल

# पप्पू की पार्टी का कांग्रेस में विलय दानिश व पटेल ने भी थामा हाथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के लिए कुछ अच्छी खबरे हैं। बिहार के बाहुबली नेता पप्पू यादव ने अपनी जन अधिकारी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया है, वहीं बसपा के निलंबित अमरोहा लोकसभा सांसद दानिश अली तथा भाजपा के मुख्य सचेतक 3 बार के मांडू विधायक जेपी पटेल ने भी कांग्रेस का दामन थाम लिया है।

### आजीवन कांग्रेस का साथ दूंगा



पप्पू यादव की जन अधिकारी पार्टी का कांग्रेस में विलय हो गया है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि पप्पू यादव एक कद्दावर नेता हैं, वे आज कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व, नीतियों और दिशा से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। पप्पू ने कहा- आज से आजीवन कांग्रेस के साथ हैं। राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना लक्ष्य है।

### झारखंड में भाजपा को बड़ा झटका



**रांची।** लोकसभा चुनाव से पहले झारखंड बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। भाजपा के मुख्य सचेतक जेपी पटेल ने भाजपा का साथ छोड़ कांग्रेस का दामन थाम लिया है। जेपी पटेल 3 बार से मांडू से विधायक हैं। भाजपा इन्हें विधायक दल का नेता बनाना चाहती थी लेकिन पार्टी के अंदर विरोध के बाद इन्हें मुख्य सचेतक बनाया गया था।

### विभाजनकारी शक्तियों से लड़ेंगे



अमरोहा लोकसभा सांसद दानिश अली कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। दानिश अली को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने पिछले साल पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में निलंबित कर दिया था। दानिश अली ने कांग्रेस में शामिल होने के बाद कहा कि विभाजनकारी शक्तियों से लड़ने कांग्रेस में शामिल हुए हैं।

# कांग्रेस 7 तो झामुमो लड़ेगी 5 लोस सीटों पर चुनाव

### झारखंड में सीट शेयरिंग फाइनल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

झारखंड में इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे का फॉर्मूला तय हो गया है। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस लोकसभा की 14 सीटों में से सबसे अधिक 7 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) पांच, आरजेडी एक और सीपीआई (एमएल) एक सीट पर चुनाव लड़ेगी।

सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस को रांची, धनबाद, हजारीबाग, गोड्डा, लोहरदगा, खूंटी और पलामू सीट मिल सकती है। वहीं जेएमएम जमशेदपुर , चाईबासा, राजमहल, दुमका और गिरिडीह सीट पर चुनाव लड़ सकती है। आरजेडी को चतरा और सीपीआई (एमएल) को कोडरमा सीट दी जाएगी। झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस, आरजेडी और लेफ्ट गठबंधन की सरकार है।

### 2019 का रिजल्ट

2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 11 सीटों पर जीत दर्ज की थी। वहीं एनडीए में शामिल आजसू ने एक सीट जीती। कांग्रेस और जेएमए को एक-एक सीट मिली थी। बता दें कि झारखंड में सीट शेयरिंग पर चर्चा की खबरों के बीच कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर और प्रदेश सरकार के मंत्री आलमगीर आलम दिल्ली में हैं।

## चुनाव आयोग ने याद दिलाई ये दिलचस्प दास्तां

# ...जब जॉन एफ कैनेडी ने हिटलर को मेघालय में किया था गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ शिलांग

साल 2008 में मेघालय में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान समाचार पत्रों में एक खबर इस शीर्षक के साथ छपी थी, 'जॉन एफ कैनेडी ने किया एडॉल्फ हिटलर को गिरफ्तार'। इसके बाद दोनों नामों के ऐतिहासिक महत्व के चलते देशभर में इस खबर को लेकर लोगों के बीच रुचि पैदा हुई।




हुआ यूं कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के तत्कालीन उम्मीदवार एडॉल्फ लू हिटलर मराक को विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान पुलिस अधीक्षक जॉन एफ कैनेडी ने गिरफ्तार कर लिया था। इस घटना के अगले दिन समाचार पत्रों ने 'जॉन एफ कैनेडी ने किया एडॉल्फ लू हिटलर को गिरफ्तार' हेडलाइन लगाकर खबरें प्रकाशित कीं। जो कि पूरे शहर में चर्चा का विषय बन गईं। कहा जाता है कि विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में हिटलर को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद में जब चुनाव परिणाम घोषित हुए तो हिटलर को जीत मिली।

**हिटलर टीएमसी में हुए शामिल**

चुनाव आयोग ने पिछले दिनों 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह किस्सा साझा किया था। उस समय में चर्चा में रहने वाले एडॉल्फ लू हिटलर मराक पिछले साल ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे।

### अमेरिका के 35वें राष्ट्रपति कैनेडी

*दरअसल जॉन एफ कैनेडी अमेरिका के 35वें राष्ट्रपति थे। जो कि 1961 से लेकर नवंबर 1963 तक इस पद पर रहे। आज से करीब 55 साल पहले 22 नवंबर, 1963 को जॉन एफ कैनेडी का हत्या कर दी गई थी। इस घटना से पूरी दुनिया हिल गई थी। टेक्सस के डैलस में डीली प्लाजा से गुजरते हुए केनडी को पूर्व मरीन ली हार्वी ओसवाल्ड ने उनको गोली मारी थी। इसके बाद कैनेडी को अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टर उनकी जान बचाने में कामयाब नहीं हो सके थे। कैनेडी को गोली मारने वाले ओसवाल्ड को पुलिस ने गिरफ्तार किया था और उसकी दो दिन बाद हत्या कर दी गई थी। इस घटना के चलते अमेरिका समेत पूरी दुनिया में खलबली मची थी।*

### जर्मनी का तानाशाह एडॉल्फ हिटलर

*एडॉल्फ हिटलर जर्मनी का तानाशाह था। उसको दुनिया के सबसे खतरनाक और खौफनाक तानाशाहों के तौर पर गिना जाता है। 20 अप्रैल, 1889 को ऑस्ट्रिया के एक शहर में हिटलर का जन्म हुआ था। हिटलर ने आतंक की ऐसी इबारत लिखी थी कि जिसका जिक्र जब भी होता है दुनिया के लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। अप्रैल 1945 का दिन तानाशाह एडोल्फ हिटलर की मौत का गवाह बना था। बताया जाता है कि दूसरे विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटेन, अमेरिका और रूस की सेना ने उसे घेर लिया था। इसके बाद हिटलर ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी।*

रायपुर
गुरुवार, 21 मार्च 2024
फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वादशी
वर्ष : 22, अंक : 244
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 32.1
न्यून. 17.2

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



# जंगल सफारी में बढ़ेगा व्हाइट टाइगर का कुनबा, मैत्रीबाग से पहुंची रक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

जंगल सफारी में सफेद शेर का कुनबा बढ़ाने मैत्रीबाग से शेरनी रक्षा लाई गई है। उसके बदले यहां से जया को मैत्रीबाग भेजा गया है। अफसरों का कहना है कि जंगल सफारी की रौनक बढ़ाने यह जरूरी है। सीजेडए की अनुमति के बाद अदला-बदली की गई है।

गौरतलब है, जंगल सफारी में वर्तमान में 11 बाघों का कुनबा है, उनमें से एक जोड़ा व्हाइट टाइगर है। सफारी में पिछले महीने एक बाघिन ने तीन शावकों को जन्म दिया है, इसके बाद बाघों की संख्या 11 से 14 हो गई है। सफारी में देव तथा जया नाम के दो व्हाइट टाइगर हैं। दोनों व्हाइट टाइगर एक ही मां के हैं। इसके कारण दोनों का आपस में क्रास करने से जेनेटिक समस्या हो सकती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए जंगल सफारी तथा मैत्रीबाग में जया तथा रक्षा नाम की मादा व्हाइट टाइगर की अदला-बदली की गई।

जंगल सफारी प्रबंधन के मुताबिक सीजेडए की अनुमति मिलने के बाद व्हाइट टाइगर की अदला बदली की गई है। जंगल सफारी से मैत्रीबाग शिफ्ट किए गए व्हाइट टाइगर की उम्र साढ़े पांच तथा मैत्री बाग से लाए गए व्हाइट टाइगर की उम्र छह वर्ष के करीब है। मैत्री बाग से लाए गए मादा बाघ को अभी अलग से पिंजरे में रखा गया है। रक्षा का अभी देव के साथ मिलन नहीं कराया गया है।

## ब्लड लाइन चेंज करने जया को मैत्रीबाग शिफ्ट किया गया

### पहले कराएंगे दोस्ती

सफारी प्रबंधन के मुताबिक दोनों बाघों का अभी मिलन नहीं कराया गया है। इसकी वजह आपसी संघर्ष में बाघ एक दूसरे को चोटिल कर सकते हैं। इसके लिए दोनों बाघों की पहले दोस्ती कराई जाएगी। दोनों बाघ आपस में एक दूसरे को पहचान लेंगे, इसके बाद दोनों का एक दूसरे के साथ मेटिंग कराया जाएगा।


जंगल सफारी का देव मैत्रीबाग से लाएगा अपनी दुल्हन, बहन की विदाई भी
दोनों की उम्र पांच से छह वर्ष
मेल-फीमेल व्हाइट टाइगर की ब्लड लाइन चेंज करने की कवायद
इन वन्यजीवों का भी ट्रांसफर
सफारी में कुल 11 बाघ

### जेब्रा लाने की योजना अटकी

जंगल सफारी में एक वर्ष पूर्व दक्षिण अफ्रीका नामिबिया के जू से जेब्रा लाने का प्लान तैयार किया गया है। जेब्रा लाने सफारी प्रबंधन को अनुमति मिल भी गई है। सूत्रों के मुताबिक जेब्रा लाने नामिबिया जाने सफारी प्रबंधन से जुड़े अफसर, डॉक्टर तथा वन मुख्यालय में खींचतान की स्थिति निर्मित हो गई है। इस वजह से नामिबिया से जेब्रा लाने की योजना फाइलों में दबकर रह गई है।

### इसलिए मादा बाघ की अदला-बदली

मादा बाघ की अदला बदली करने की वजह मादा बाघ नए स्थान में भी आसानी से घुल मिल जाती है। नई जगह जाने पर नर बाघ को एडजस्ट होने में समय लगता है। वन्यजीव जानकारों के मुताबिक इसीलिए नर की जगह माद बाघ की अदली-बदली की गई है। सफारी प्रबंधन के मुताबिक मैत्री बाग से लाई गई व्हाइट टाइगर महज एक दो दिन में जू कीपर को पहचानने लगी है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### नीट-पीजी परीक्षा अब 23 जून को

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने बुधवार को मेडिकल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए होने वाली परीक्षा नीट-पीजी की तारीख सात जुलाई से बदलकर 23 जून कर दी। नीट-पीजी परीक्षा का परिणाम 15 जुलाई तक घोषित किया जाएगा, जबकि दाखिले के लिए काउंसलिंग पांच अगस्त से 15 अक्टूबर के बीच होगी।



### चुनाव के कारण सीए के परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव

**नई दिल्ली।** भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपने परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव किया है। समूह 1 के लिए इंटरमीडिएट पाठ्यक्रम की परीक्षा 3, 5 और 9 मई को आयोजित की जाएगी। समूह 2 के लिए इंटरमीडिएट पाठ्यक्रम की परीक्षा 11, 15 और 17 मई को आयोजित की जाएगी। फाइनल परीक्षाओं के लिए, आईसीएआई ने समूह 1 के लिए 2, 4 और 8 मई की घोषणा की है।

### सीआरपीएफ के जवान ने खुद को गोली मारी

**चतरा।** झारखंड के चतरा जिले में बुधवार को केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के 32 वर्षीय जवान ने अपनी सरकारी राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर जान दे दी। यह घटना झारखंड की राजधानी रांची से करीब 200 किलोमीटर दूर वशिष्ठ नगर इलाके में सीआरपीएफ की 190 बटालियन की चौकी पर हुई। मृतक की पहचान निहाल सिंह के तौर पर हुई है।



### पाक के ग्वादर पोर्ट पर आतंकी हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में चीन की मदद से बनाए जा रहे ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी पर बुधवार शाम आतंकी हमला हुआ। फौज ने अब तक 8 आतंकियों के मारे जाने की बात कही है। मारे गए आठों लोग बलूचिस्तान के प्रतिबंधित संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी के बताए गए हैं। ग्वादर के कॉम्प्लेक्स में कई धमाके और फायरिंग हुई। यहीं एक पासपोर्ट ऑफिस भी है।

### आयकर विभाग ने टीएमसी नेता के आवास पर छापा मारा

**कोलकाता।** आयकर विभाग की जांच शाखा के अधिकारियों ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता स्वरूप विश्वास के यहां स्थित आवास पर बुधवार को छापा मारा। आयकर सूत्रों ने यह जानकारी दी। स्वरूप पश्चिम बंगाल के बिजली मंत्री अरूप विश्वास के भाई हैं।



## 102 सीटों के लिए शुरू हुई मतदान प्रक्रिया, 19 अप्रैल को डाले जाएंगे वोट

# लोकसभा चुनाव के लिए 21 राज्यों में नामांकन
# पहले दिन बस्तर में एक प्रत्याशी ने लिया फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*लोकसभा चुनाव-2024 के पहले चरण के नामांकन के लिए अधिसूचना जारी हो गई है। इस चरण में 21 राज्यों की 102 सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। इस चरण में छत्तीसगढ़ की एक मात्र बस्तर लोकसभा सीट है। बस्तर में पहले दिन एक नामांकन फार्म खरीदा गया।*

देश के 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के उन 102 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन प्रक्रिया बुधवार को अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू हो गई, जहां 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान होगा। पहले चरण में अरुणाचल प्रदेश की दो सीट, असम की पांच , बिहार की चार, छत्तीसगढ़ की एक, मध्य प्रदेश की छह, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो, मेघालय की दो, मिजोरम की एक, नागालैंड की एक, राजस्थान की 12, सिक्किम की एक, तमिलनाडु की 39, त्रिपुरा की एक, उत्तर प्रदेश की आठ, उत्तराखंड की सभी पांच, पश्चिम बंगाल की तीन, अंडमान और निकोबार की एकमात्र तथा जम्मू और कश्मीर, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की एक-एक सीट पर मतदान होगा। राष्ट्रपति की तरफ से निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार

▶▶ शेष पेज 4 पर

## बस्तर का कलेक्टोरेट कार्यालय छावनी में तब्दील

**जगदलपुर।** लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया बुधवार से प्रारंभ हो गई। जिला कलेक्टोरेट में नामांकन पत्र जमा करने रिटर्निंग ऑफिसर और चुनाव से जुड़े अन्य कर्मचारी अपने कक्ष में निर्धारित समय तक ड्यूटी में डटे रहे। राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के कंवल सिंह बघेल ने नामांकन फॉर्म लिया है। इनके अलावा अन्य किसी भी पार्टी के प्रत्याशी ने नामांकन फार्म नहीं लिया।

**परिसर को बेरिकेट्स से घेरा गया, सभी पर कड़ी नजर**



### पहला चरण

| | |
|---|---|
| नामांकन दाखिल | 20 से 27 मार्च |
| नामांकन की जांच | 28 मार्च |
| नाम वापसी | 30 मार्च |
| मतदान | 19 अप्रैल |

### छत्तीसगढ़ समेत इन राज्यों के लिए नामांकन

पहले चरण में सबसे ज्यादा तमिलनाडु की 39 सीटों पर चुनाव होगा। इसके साथ, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की 8, मध्य प्रदेश की 6, असम, उत्तराखंड और महाराष्ट्र की 5-5, बिहार की 4, पश्चिम बंगाल की 3, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर व मेघालय की 2-2, मिजोरम, नगालैंड, अंडमान-निकोबार, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप, पुडुचेरी, सिक्किम, छत्तीसगढ़ और त्रिपुरा की 1-1 सीट पर मतदान होगा।

### आयोग ने राज्यों को दिए 24 घंटे

इधर, निर्वाचन आयोग ने बुधवार को कड़ा रुख अपनाते हुए राज्य सरकारों को सरकारी, सार्वजनिक व निजी संपत्तियों पर से अनधिकृत राजनीतिक विज्ञापन हटाने और अगले 24 घंटे में अनुपालन रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया। केंद्रीय कैबिनेट सचिव और सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि 16 मार्च को लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ एक पत्र जारी किये जाने के बावजूद उसे शिकायत मिली हैं कि ऐसे विज्ञापनों को नहीं हटाया गया है। कांग्रेस ने हाल में आयोग के समक्ष यह मुद्दा उठाया था।

आयोग ने बुधवार को राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों को सरकारी, सार्वजनिक व निजी संपत्तियों पर से अनधिकृत राजनीतिक विज्ञापन हटाने और बृहस्पतिवार शाम पांच बजे तक अनुपालन रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि उसने अपने निर्देशों का अनुपालन नहीं होने या आंशिक-अनुपालन को गंभीरता से लिया है।

## 2 अप्रैल तक का दिया समय

# खराब सड़कों पर हाईकोर्ट सख्त, सचिव से मांगा शपथ पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

प्रदेश की खराब सड़कों के मामले में विभागीय सचिव की ओर से हाईकोर्ट में शपथ पत्र पेश नहीं किया जा सका। हाईकोर्ट ने 2 अप्रैल तक का समय इसके लिए दिया है। ध्यान रहे कि हाईकोर्ट ने प्रदेश की सड़कों पर संज्ञान लेते हुए कहा है कि ये दुख की बात है कि खराब सड़कों से होने वाली दुर्घटनाओं को हम रोक नहीं पा रहे हैं। राज्य शासन को तुरंत सभी गड्ढे भरने चाहिए ताकि भविष्य में दुर्घटनाओं को रोका जा सके। हाईकोर्ट ने शासन और एजेंसी को यह भी आदेश दिया है कि

▶▶ शेष पेज 4 पर




### ठेका कंपनियों की रहती है जिम्मेदारी

आमतौर पर नगर निगम द्वारा कराए जा रहे कार्यों के दौरान पीडब्ल्यूडी की सड़कों को खोदने के लिए प्रावधान के अनुसार निगम के साथ ही पीडब्ल्यूडी से अनुमति लेनी होती है। इसके साथ ही जिस कार्य के लिए सड़कों की खोदाई की जाती है उसकी ठेका कंपनी को सड़क को दुरुस्त करने की जिम्मेदारी दी जाती है। नगर निगम में लेकिन वर्तमान में जल अमृत मिशन के तहत सड़कों की बेतरतीब खोदाई की जा रही है। इसके चलते लोक निर्माण विभाग की नई सड़कों की हालत बदहाल हो गई है।

### पीडब्ल्यूडी व निगम में समन्वय का अभाव

दरअसल नगर निगम में बिना किसी प्लान के कई मार्गों का डामरीकरण प्रारंभ कर दिया जाता है। नई बनी सड़क को कभी सीवरेज पाइप लाइन तो कभी जल अमृत मिशन के नाम से खोद दिया जाता है। इसी तरह टेलीफोन केबल, नाला निर्माण के लिए फिर सड़कों को खोद दिया जाता है। इस तरह से अव्यवस्थित कार्य को लेकर रुपयों की बर्बादी होती है और सड़कों की दुर्दशा होती है।

## श्रीराम की शरण में प्रियंका-निक



**अयोध्या।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस और उनके पति अमेरिकी गायक निक जोनस ने बुधवार को दो साल की बेटी मालती के साथ अयोध्या में राम मंदिर में पूजा-अर्चना की। पीली साड़ी पहने प्रियंका और कुर्ता-पायजामा पहने निक ने मंदिर में पूजा करने के बाद तस्वीरें खिंचवाई। इस दौरान प्रियंका ने बेटी को गोद में लिया हुआ था। प्रियंका और निक ने मंदिर के पुजारियों और सुरक्षाकर्मियों के साथ भी तस्वीरें खिंचवाईं। जनवरी में राम मंदिर के भव्य प्रतिष्ठा समारोह के बाद यह उनकी पहली यात्रा है।

## लोकसभा चुनाव के कारण घटी अवधि

# इस साल 51 दिनों तक चलेगी अमरनाथ यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमरनाथ यात्रा की शुरुआत इस साल 29 जून से हो रही है। यह यात्रा करीब 51 दिनों तक चलेगी और 19 अगस्त को खत्म होगी। पिछले साल यह यात्रा करीब 62 दिन चली थी और साढ़े 4 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन किए थे। बताया जा रहा है कि भारत में लोकसभा चुनाव 2024

▶▶ शेष पेज 4 पर

### 15 अप्रैल से पंजीयन

15 अप्रैल में यात्रा की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू होगी। जम्मू-कश्मीर के कुछ तय किए गए अस्पतालों में यात्रियों के लिए हेल्थ सर्टिफिकेट भी जारी किए जाएंगे। पारंपरिक बालटाल और पहलगाम रास्ते से रोजाना 10-10 हजार यात्रियों को पवित्र गुफा की ओर रवाना करने की इजाजत दी जाती है।

## बदायूं हत्याकांड में तीसरे भाई ने खोला राज

# एक भाई से पानी मांगा तो दूसरे से मंगाई चाय

एजेंसी ▶▶| बदायूं

बदायूं में दो मासूम बच्चों (12 साल के आयुष और छह साल के आहान) के कत्ल का आरोपी साजिद जिस बेरहमी से पेश आया उससे हर कोई दंग है। मंगलवार की शाम दोनों बच्चों की हत्या के बाद बदायूं में तनाव फैल गया। तोड़फोड़ और आगजनी के बाद बीच साजिद की घेराबंदी में कामयाब रही पुलिस ने उसे एनकाउंटर में मार गिराया लेकिन लोगों के जेहन में अभी तक सिर्फ यह सवाल कौंध रहा है कि आखिर साजिद की बच्चों से दुश्मनी क्या थी? इसमें बचे तीसरे भाई पीयूष ने दिल दहलाने

▶▶ शेष पेज 4 पर

### लोगों ने जमकर किया बवाल

यह घटना सिविल लाइंस थाने की मंडी पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर हुई है। इस वारदात के बाद परिजनों और स्थानीय निवासियों ने दुकानों में तोड़फोड़ की।



### आरोपी की मां बोली-मासूमों की हत्या का हमेशा रहेगा दुख

आरोपी साजिद की मां नाजरीन बुधवार को जिला अस्पताल की मोर्चरी पर पहुंची। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने बेटे की मौत का कोई मलाल नहीं है। जो जैसा करता है, वैसा भुगतता है। मासूमों की हत्या किए जाने का दर्द हमेशा रहेगा। नाजरीन ने बताया कि बदायूं में कई साल से साजिद और जावेद हेयर सैलून चला रहे थे। साजिद ने ऐसा क्यों किया, यह वह नहीं जानतीं।

### आरोपी के एनकाउंटर की होगी जांच

बदायूं में दो मासूम बच्चों की हत्या के आरोपी साजिद के एनकाउंटर की मजिस्ट्रियल जांच होगी। डीएम मनोज कुमार ने एनकाउंटर की मजिस्ट्रेट जांच के लिए आदेश दिए हैं। डीएम ने सिटी मजिस्ट्रेट से जांच कर 15 दिन में जांच आख्या मांगी है। उधर, इस हत्याकांड में नामजद साजिद के भाई जावेद का अब तक कोई पता नहीं चला है।





## चिंतन

# स्टार्टअप क्षेत्र की बाधाओं को दूर करना आवश्यक

भारत को अगर विकसित राष्ट्र बनना है, आर्थिक समृद्धि हासिल करनी है, गरीबी उन्मूलन का लक्ष्य हासिल करना है, तंगहाल से खुशहाल देश बनना है, तो केंद्र सरकार उद्यमशीलता को बढ़ावा देना होगा। बड़े, मझौले व छोटे उद्योगों के माफिक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना होगा। पूंजी से लेकर नियम-कायदे तक औद्योगिक विकास के अनुकूल बनाना होगा। यूं तो सरकार कॉरपोरेट उद्यम को बढ़ावा दे रही है और एमएसएमई के लिए भी बहुत कुछ कर रही है, लेकिन भारत में स्टार्टअप भारतीय उद्यमशीलता को तेजी से बढ़ा रहा है। जब से केंद्र की राजग सरकार ने स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम लागू किया है, देश में स्टार्टअप्स की तेजी से प्रगति हुई है। स्टार्टअप इंडिया केंद्र सरकार की एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य देश में स्टार्टअप्स और नए विचारों के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है, जिससे देश का आर्थिक विकास हो एवं बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उत्पन्न हों। इस वक्त देश में 1.14 लाख से ज़्यादा रजिस्टर्ड स्टार्टअप्स हैं, इनमें 25,000 से 27,000 सक्रिय टेक स्टार्टअप्स हैं। इसने 12 लाख से ज्यादा नौकरियां पैदा की हैं। 2023 में, निवेश फ़र्मों ने भारतीय स्टार्टअप्स में 8.4 अरब डॉलर का निवेश किया था। देश के स्टार्टअप्स न केवल आर्थिक और व्यावसायिक रूपांतरण को आगे ले जाने की उम्मीद जगाते हैं, बल्कि भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के स्वप्न को साकार करने में एक प्रमुख चालक की भूमिका भी निभाते हैं। आज भारत स्टार्टअप्स के चमकदार 'हॉटस्पॉट' के रूप में उभर रहा है। अमेरिका और चीन के बाद भारत विश्व में प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के तीसरे सबसे बड़े आधार वाला देश है। हालांकि चमचमाती स्टार्टअप्स की कहानी थोड़ी मलिन भी हुई है और पिछले दो-तीन वर्षों में नए स्टार्टअप्स बनने की रफ़्तार में गिरावट भी आई है। अभी भारत महामंडपम में आयोजित स्टार्टअप महाकुंभ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा उद्यमियों और स्टार्टअप से दुनियाभर में आ रही चुनौतियों पर 'वैश्विक अनुप्रयोगों के लिए भारतीय समाधान' पर काम करने का आह्वान किया है। भारत ने कृत्रिम मेधा (एआई), सेमीकंडक्टर और क्वॉन्टम पर तीन मिशन शुरू किए हैं। अस्सी के दशक में सरकारी आलस्य के चलते भारत डॉटकॉम क्रांति में अहम भागीदार नहीं बन सकता, इसलिए आज वह केवल उपभोक्ता है, इसलिए नई डिजिटेक क्रांति में वह मौका चूकना नहीं चाहता है। खास बात है कि नरेंद्र मोदी भविष्य की तकनीक को देख पा रहे हैं और इसलिए इस क्षेत्र में नए निवेश को बढ़ावा दे रहे हैं। एआई में अमेरिका, जापान जैसे देश आगे हैं, सेमीकंडक्टर में दक्षिण कोरिया, ताइवान व चीन आगे हैं, क्वांटम तकनीक में अमेरिका, यूरोप व चीन आगे हैं, भारत इन तीनों क्षेत्र में अपनी पैठ मजबूत करना चाहता है। तीनों मिशन इसमें मदद करेंगे। स्टार्टअप के महत्व को मान्यता, अटल नवाचार मिशन, प्रौद्योगिकी व टेक प्रोफेशनल्स क्षमता की उपलब्धता, जोखिम लेने का जुनून, सरकाकी ओर से नीतिगत पहल व कॉरपोरेट सहयोग आदि भारतीय स्टार्टअप के तेज़ उभार के कारण हैं। हालांकि इनकी राह में अनेक चुनौतियों भी हैं। वित्त पोषण, डेटा लोकलाइजेशन, थर्ड पार्टी सर्वर, कई भारतीय यूनिकॉर्न के विदेशी अधिवास, डीपटेक व हेल्थकेयर सेक्टर में स्टार्ट कैपिटल का अभाव, स्किल्ड व ट्रेंड प्रोफेशनल्स की कमी, डेटा संरक्षण, भौतिक और डिजिटल कनेक्टिविटी आदि ऐसी चुनौतियां हैं, जिनसे पार पाने के उपायों पर काम करने की जरूरत है।

## सारा संसार



साँची भारत के मध्य प्रदेश राज्य के रायसेन ज़िले में साँची नगर के पास एक पहाड़ी पर स्थित है। स्तूप की नींव महान मौर्य सम्राट अशोक ने तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में रखी थी। उन्होंने स्वयं महान बुद्ध के नश्वर अवशेषों के पुनर्वितरण के उद्देश्य से स्तूप की स्थापना का आदेश दिया था।

## व्यंग्य

सुधाकर आशावादी



# ईवीएम और रुदाली विलाप

वहम की दवा हकीम लुकमान भी नही बना सके। यदि वहम की दवा बन गई होती, तो दिमाग का भी सही से उपचार हो गया होता। दिमाग मे ऊल जुलूल विचार नहीं आते। जरूरत से ज्यादा खुद को पढ़ा लिखा समझने वाले लोग अनपढ़ों जैसी बात नहीं करते। उनकी बातों में तर्क होता। तमसो मा ज्योतिर्गमय के अनुरूप अज्ञानता के अंधेरे को दूर करके जीवन पथ पर ज्ञान का प्रकाश फैलाती है। यह बात पढ़े लिखे के लिए लागू होती है। उस पढ़े लिखे के लिए जो सच में पढ़ने के लिए विद्यालय गया हो। अपनी योग्यता के बल पर जिसने प्रवेश प्राप्त किया हो। बहरहाल मसला गंभीर है। सवाल जब जन प्रतिनिधि चुनने का हो, तो उसके तरीक़े पर भी विचार विमर्श करना पड़ता है। यह सोचना पड़ता है कि ऐसी कौन सी प्रणाली अपनाई जाए, जो निष्पक्ष और न्यायकारी हो, जिसमें मानवीय भूल की संभावना भी न रहे। ऐसी प्रणाली को निर्धारित करने के लिए मैराथन बैठकें होती हैं, अनेक किन्तु-परंतु के उपरांत किसी गंभीर निष्कर्ष तक पहुंचा जाता है, अनेक कसौटियों पर निष्कर्ष को परखा जाता है, तब कहीं जाकर जन प्रतिनिधि चुनने के तरीक़े पर मुहर लगती है। ईवीएम को पारदर्शी चुनाव व्यवस्था के लिए दशकों से प्रयोग में लाया जा रहा है। शुरू-शुरू में ईवीएम विश्वसनीयता के मापदंडों पर खूब खरी उतरी। मशीन का बटन दबाओ और अपने मनमाफिक प्रत्याशी को जिताने में अपनी लोकतांत्रिक भूमिका निभाओ। ईवीएम ने अपना कर्तव्य बखूबी निभाया भी। न जाने कितनी निगरानी में रहकर उसने अपने आपको न्यायकारी, निष्पक्ष बनाए रखा। मास्टर ट्रेनर ईवीएम की बारीकियां समझाते रहे। उसके निष्पक्ष प्रयोग की दुहाई देते रहे। तीन-तीन बार ट्रेनिंग लेते रहे, कि कैसे इसका संचालन करना है। सभी प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं की उपस्थिति में ईवीएम का चुनाव पूर्व परीक्षण करना है। सभी अभिकर्ताओं से उनके प्रत्याशियों के पक्ष में वोट डलवाने हैं, उसके बाद उन्हें परिणाम भी दिखाना है। अभिकर्ताओं के संतुष्ट होने के ईवीएम को क्लियर करना है तथा नए सिरे से ईवीएम को सील करके मतदान प्रारंभ कराया जाता है। रातों की नींद और दिन का चैन भूलकर सरकारी मशीनरी निष्पक्ष चुनाव के प्रति प्रतिबद्ध रहती है, फिर भी यदि किसी व्यक्ति या दल को मतदाता ने स्वीकार नहीं किया, तब वह अपनी हार का ठीकरा ईवीएम के सिर पर फोड़ने से पीछे नहीं रहता। कोई भले मानुष से पूछे कि जनता यदि तुझे नकारेगी तो ईवीएम इसमें क्या करेगी? जहां जनता स्वीकारती है वहां ईवीएम को वफादार और जहाँ जनता नकारती है वहां ईवीएम को बेवफा बताने में देर नहीं लगाते, क्या ईवीएम मतदाता से बूथ कैप्चरिंग कराकर नकारा लोगों को जिताये और अपनी वफादारी का सबूत किसी को दे। ताज्जुब होता है, कि जब खुद को पढ़ा लिखा घोषित करने वाले लोग ईवीएम पर उंगली उठाते हैं और प्रशासनिक राजपत्रित अधिकारियों एवं चुनाव ड्यूटी के नाम पर घर परिवार को छोड़कर पूर्ण निष्ठा से ड्यूटी निभाने वाले सरकारी कर्मचारियों की राष्ट्र निष्ठा पर भी उंगली उठाने से परहेज नहीं करते। विडंबना यह भी है कि पहले हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़कर हारे हुए प्रत्याशी अपनी खीज मिटाते थे। अब चुनाव से पहले ही ईवीएम पर सवाल उठाकर अपनी संभावित हार को स्वीकार करके ईवीएम पर उंगली उठाने में ही भलाई समझने लगे हैं। ऐसे में आमजन उनकी मनोदशा को बखूबी समझता है, किन्तु यह समझने में असमर्थ रहता है कि बार बार आरोप प्रत्यारोप के बीच अग्नि परीक्षा देने वाली ईवीएम खराब है या उस पर उंगली उठाने वालों का दिमाग?

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)



पड़ोस
डॉ. एन.के. सोमानी

# आसान नहीं शाहबाज की राह

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सांसदों के नारों और हंगामों के बीच शाहबाज शरीफ को गठबंधन सरकार का प्रधानमंत्री चुना गया। तीन बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे शाहबाज दूसरी बार पाकिस्तान की बागडोर संभाल रहे हैं। हालांकि, सत्ता की मजबूरी के चलते परस्पर विरोधी विचारधारा वाले संयुक्त गठबंधन ने एक बारगी तो सरकार बनाकर शाहबाज को पाकिस्तान की कमान सौंप दी है, लेकिन शाहबाज शरीफ की राह उतनी आसान नहीं है। घरेलू और वैश्विक मोर्चे पर कई चुनौतियां उनके सामने है। इन सब चुनौतियों के बीच वे भारत के प्रति क्या रुख अपनाएंगे यह भी देखने वाली बात है।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता शाहबाज शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में पद संभाल लिया है। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सांसदों के नारों और हंगामों के बीच शाहबाज शरीफ को गठबंधन सरकार का प्रधानमंत्री चुना गया। तीन बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे शाहबाज दूसरी बार पाकिस्तान की बागडोर संभाल रहे हैं। 336 सदस्यों वाले सदन में शरीफ को 201 मत मिले, जबकि सुन्नी इतेहाद काउंसिल ( जिसे इमरान की पीटीआई का समर्थन हासिल था ) के प्रत्याशी उमर अयूब खान को 92 वोट मिले। अपने विजयी भाषण में शाहबाज ने देश के सामने मौजूदा चुनौतियों का जिक्र करते हुए एक बार फिर कश्मीर का राग छेड़ा। उन्होंने कहा कि कश्मीर में कश्मीरियों का खून बहाया जा रहा है, और पूरी घाटी खून से सुर्ख हो गई हैं ।

पिछले महीने हुए विवादित आम चुनाव के बाद इमरान खान का समर्थन वाले 93 उम्मीदवारों को जीत मिली। दूसरे नंबर पर नवाज शरीफ की पीएमएल-एन रही जिसने 75 सीटें हासिल की। बिलावल भुट्टो की पीपीपी 54 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही। 17 सीटें एमक्यूएम को मिली । किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। परिणाम यह हुआ कि पाकिस्तान में एक बार गठबंधन की राजनीति का दौर शुरू हो गया। शाहबाज के बड़े भाई और तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को गठबंधन सरकार के गठन का काम सौंपा गया। इमरान खान की पीटीआई को सत्ता से बाहर रखने के लिए पीएमएल-एन और पीपीपी ने 4 छोटे दलों के साथ गठजोड़ कर शाहबाज शरीफ को दूसरी बात प्रधानमंत्री बना दिया। पीपीपी के अलावा शाहबाज को मुताहिदा कौमी मूवमेंट, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-क्यू, बलूचिस्तान अवामी पार्टी, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-जेड, इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी और नेशनल पार्टी का समर्थन प्राप्त था।

हालांकि, सत्ता की मजबूरी के चलते परस्पर विरोधी विचारधारा वाले संयुक्त गठबंधन ने एक बारगी तो सरकार बनाकर शाहबाज को पाकिस्तान की कमान सौंप दी है, लेकिन शाहबाज शरीफ की राह उतनी आसान नहीं है। घरेलू और वैश्विक मोर्चे पर कई चुनौतियां उनके सामने है। प्रथम, पिछले एक डेढ़ दशक में पाकिस्तान आर्थिक मोर्चे पर बुरी तरह से पिछड़ रहा है। उसकी अर्थव्यवस्था तेजी से गिर रही है। महंगाई आसमान छू रही है। मुद्रास्फीति 30 प्रतिशत की रिकॉर्ड दर से बढ़ रही है। आर्थिक विकास पर विराम लगा हुआ है। राजकोषीय और चालू खाते के दोहरे घाटे का संकट पाकिस्तान पर मंडरा रहा है। पाकिस्तान को डिफॉल्ट होने से बचाने के लिए आईएमएफ के 24,900 करोड़ के राहत पैकेज की समय सीमा इस माह के अंत में खत्म होने वाली है। द्वितीय, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के अलावा गठबंधन के साथ तालमेल बैठाना दूसरी बड़ी चुनौती है। हालांकि सत्ता की मजबूरी भुट्टो और शरीफ को एक साथ तो ले आई है, लेकिन जिस तरह से भुट्टो और शरीफ परिवारों के बीच




राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की स्थिति रही है, उस देखते हुए गठबंधन की उम्र क्या होगी यह कहा नहीं जा सकता है। पिछली बार भी दोनों के बीच अनुभव कोई बहुत ज्यादा अच्छे नहीं रहे। दूसरी ओर अनेक कानूनी बाधाओं के बावजूद इमरान खान अब भी लोकप्रिय है और अधिकाशतः उनकी पार्टी से जुड़े 'निर्दलियों' का वर्चस्व बना हुआ है। ऐसे में संसद के भीतर भी जब सरकार विरोधी स्वर उठते दिखाई देंगे। तृतीय, चूंकि शाहबाज फौज की मदद से सत्ता में आए हैं। फौज ने भी चुनाव में इमरान को हराने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाया। उन्हें चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य करार दिया। यहां तक की उनकी पार्टी का चुनाव चिह्न भी छीन लिया गया था। ऐसे में शाहबाज शरीफ को पूरी तरह से सेना पर निर्भर रहना पड़ेगा। हालांकि, अभी सेना का जो रुख है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि अगले एक-डेढ़ साल तक सेना शाहबाज को डिस्टर्ब नहीं करेगी। सेना भी चाहती है कि पाकिस्तान में राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित हो जिससे देश में निवेश बढे और अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट सके। चौथी चुनौती सरकार की वैधता को लेकर है। विपक्ष सरकार पर चुनाव में जबरदस्त धांधली किए जाने का आरोप लग रहा है। मामला न्यायालय में है। इन आरोपों के कारण अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति जो बाइडेन से आग्रह किया है कि अदालत का फैसला आने तक पाकिस्तान सरकार को मान्यता प्रदान न करे। बाइडेन के लिए इन सांसदों की मांग इसलिए मायने रखती है, क्योंकि अमेरिका में इसी साल प्रेसिडेंशियल इलेक्शन होने हैं, और बाइडेन के लिए इन सांसदों का समर्थन हासिल करना जरूरी है। पांचवीं और सबसे अहम चुनौती है भारत के साथ संबंधों का सुधारना। अगस्त 2019 में जब भारत ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली धारा 370 को हटाया था उसके बाद से भारत व पाकिस्तान के संबंध पूरी तरह से पटरी से उतरे हुए हैं। यहां तक कि दोनों देशों ने अपने-अपने उच्चायुक्तों को भी वापस बुला लिया था, लेकिन अब पिछले कुछ माह से पाकिस्तान ने भारत के साथ ठंडे पड़े कूटनीतिक रिश्तों में जान फूंकने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। संबंध बेहतर करने की दिशा में पहल करते हुए पाकिस्तान ने साद अहमद वाराअच को नई दिल्ली के पाकिस्तान हाई कमीशन में नया चार्ज डी अफेयर्स (सीडीए) बनाकर भेजा है। अब उच्चायुक्त शुरू होने के बाद पाकिस्तान ने इसी साल यहां राष्ट्रीय दिवस आयोजित करने का निर्णय लिया है। नई दिल्ली स्थित दूतावास परिसर में होने वाले इस आयोजन में कई विदेशी राजनयिक और भारतीय शामिल होते हैं। पाकिस्तान हर साल 23 मार्च को अपना राष्ट्रीय दिवस मनता है। पिछले चार साल से दोनों देशों के संबंध ठंडे बस्ते में होने के कारण इसका आयोजन नहीं हो सका था।

कुल मिलाकर कहा जाए तो पाकिस्तान द्वारा पहले सीडीए भेजना और अब नई दिल्ली में अपना राष्ट्रीय दिवस मनाना दो ऐसे कदम हैं, जिन्हें पाकिस्तान द्वारा भारत के साथ राजनयिक संबंध सुधारने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। इतना ही नहीं नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शाहबाज ने विदेश नीति का विजन रखते हुए समानता के सिद्धांत के आधार पर पड़ोसी देशों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने की बात भी कही है, लेकिन सवाल यह है कि जिस तरह शाहबाज शरीफ और बिलावल भूट्टो इमरान खान को सत्ता से दूर रखने के लिए सेना की गोद में बैठे हैं और प्रधानमंत्री चुने जाने के तुरंत शाहबाज शरीफ ने कश्मीर मसले का राग अलपाते हुए वैश्विक समुदाय से कश्मीर पर चुप्पी तोड़ने का आह्वान करते नेशनल एसेंबली में कश्मीरियों और फिलिस्तीनियों की आजादी के लिए प्रस्ताव पारित करने की बात कही है, उसे देखते हुए लगता है कि पाकिस्तान की विदेश नीति फिर से भारत विरोध के एक सूत्री सिद्धांत पर ही आगे बढ़ती हुई दिखाई देगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है समर्पण



संकलित
## दर्शन

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणों उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त करते हैं।

# कभी भी अपने बल पर घमंड न करें



संकलित
## प्रेरणा

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था। ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती। ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आइए, गौरैया को बचाएं

घर-आंगन को अपनी चह-चह से गुंजायमान कर देने वाली एवं उदास, निराश, हताश तथा दुःख से भरे वातावरण में भी अपनी चहक से रौनक भर देने वाली गौरैया एक सुंदर, सुकोमल, सर्व-मनभावन, फुर्तीली एवं मनुष्यों के आस-पास रहने वाली चिड़िया है। चंचल चितवन वाली चिड़िया गौरैया का फुदकना और चहकना मन को बड़ा लुभाता है। अपनी चीं-चीं (ट्वीट्स) के द्वारा घर-आंगन को मधुर गान-गुंजन से भर देने वाली गौरैया वैसे तो सभी को प्रिय लगती है।

- संदीप शुक्ला, धमतरी

## करंट अफेयर

# अफगानिस्तान के स्कूलों में बिना छात्राओं के शिक्षा सत्र


अफगानिस्तान के विद्यालयों में बुधवार को लड़कियों के बिना नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुआ क्योंकि तालिबान ने छठी कक्षा से आगे की कक्षाओं में लड़कियों की पढ़ाई पर रोक लगा दी है। महिला शिक्षा पर रोक लगाने वाला अफगानिस्तान दुनिया का इकलौता देश है। संयुक्त राष्ट्र बाल एजेंसी के मुताबिक प्रतिबंध से 10 लाख से अधिक लड़कियां प्रभावित हुई हैं। एजेंसी का यह भी अनुमान है कि सुविधाओं की कमी और अन्य कारणों से तालिबान के कब्जे से पहले ही 50 लाख लड़कियां विद्यालय छोड़ चुकी थीं। तालिबान के शिक्षा मंत्रालय ने नए शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत एक समारोह के साथ की जिसमें महिला पत्रकारों को शामिल होने की अनुमति नहीं थी। संवाददाताओं को भेजे गए निमंत्रण में कहा गया है: 'बहनों के लिए उपयुक्त जगह की कमी के कारण, हम महिला पत्रकारों से माफी मांगते हैं।' तालिबान के शिक्षा मंत्री हबीबुल्लाह आगा ने समारोह के दौरान कहा कि मंत्रालय 'धार्मिक और आधुनिक विज्ञान की शिक्षा की गुणवत्ता को यथासंभव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।' तालिबान मदरसों या धार्मिक स्कूलों पर जोर दे रहा है और बुनियादी साक्षरता व गणित के बजाय इस्लामी शिक्षा को तवज्जो दे रहा है।



## ऑफ बीट

# तेजी से बदलता है मध्यम आयु वर्ग का मस्तिष्क

हमारा दिमाग हमारे जीवन में कई मौकों पर इतनी तेजी से बदलता है, मानो जीवन की घड़ी सामान्य से अधिक तेजी से चल रही हो।



बचपन, किशोरावस्था और बुढ़ापा इसके अच्छे उदाहरण हैं। वैसे वयस्क जीवन में अधिकतर समय यह घड़ी काफी नियमित रूप से चलती रहती है। सूर्य के चारों ओर एक चक्कर और उम्र में एक वर्ष का इजाफा। हालाँकि, जीवन में एक ऐसा चरण भी आ सकता है जब मस्तिष्क की घड़ी तेज़ होने लगती है। मस्तिष्क आपके ध्यान में आए बिना ही बदलाव शुरू कर देता है। यह (आंशिक रूप से) आपके खून में मौजूद चीज़ों के कारण भी हो सकता है। आपके 40 से 50 के दशक, या 'मध्य उम्र' के दौरान मस्तिष्क की उम्र बढ़ने का यह चरण आपके भविष्य के स्वास्थ्य की भविष्यवाणी कर सकता है। उम्र के साथ हमारी मानसिक क्षमताएं कैसे बदलती हैं, इसका अध्ययन करने वाले मनोवैज्ञानिकों ने पाया है कि उनमें धीरे-धीरे गिरावट आती है, जो हमारे 20 और 30 के दशक में शुरू होती है। हालाँकि, जब लोगों की रोजमर्रा की घटनाओं की याददाश्त का आकलन किया जाता है, तो समय के साथ परिवर्तन मध्य आयु के दौरान विशेष रूप से तीव्र और अस्थिर प्रतीत होता है।

## ट्रेंड

### स्टार्टअप अहम भूमिका निभाएंगे



भारत के स्टार्टअप जगत ने नारी शक्ति को अनेक अवसर दिए हैं। भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में स्टार्टअप अहम भूमिका निभाएंगे। मैं युवाओं से एआई, सेमीकंडक्टर और अन्य अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह करता हूं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### पता लगाना आप कहां हैं



आध्यात्मिकता के रास्ते पर सबसे पहली बात अनुभवात्मक रूप से यह पता लगाना है कि आप अभी कहां हैं। आप जहां हैं वहीं से यात्रा शुरू कर सकते हैं। यदि आप मानवता से ओत-प्रोत हैं, तो दिव्यता को अवतरित होना होगा।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### ध्यान भटकाने के मास्टर



प्रधानमंत्री सिर्फ जनता का ध्यान भटकाने के मास्टर हैं। देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रही है। नौजवान निराश हैं। किसान आत्महत्या कर रहे हैं। महंगाई से लोग अपना घर नहीं चला पा रहे हैं।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

### अच्छे दोस्त, तकिए की तरह



अच्छे दोस्त, तकिए की तरह होते हैं-जब आप थके हुए होते हैं तो आप उन पर आराम करते हैं, जब दुखी होते हैं तो आप उन पर आंसू गिराते हैं, जब क्रोधित होते हैं तो आप उन्हें मुक्का मारते हैं, और जब खुश होते हैं तो आप उन्हें गले लगाते हैं।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


MARUTI SUZUKI
NEXA
SOME JOURNEYS TAKE IMPOSSIBLE TURNS.
Out there, you'll encounter many narrow trails. Trails that will test you at every twist and turn. However, if you are behind the wheel of the iconic Jimny with **Low Turning Radius, ALLGRIP PRO**, and **3-Link Rigid Axle Suspension,** the drive to the summit will definitely become a tad easier.
Jimny
NEVER TURN BACK
Jimny
CREATE. INSPIRE.
NOW AVAILABLE IN **CSD**
ALLGRIP PRO
3 LINK RIGID AXLE SUSPENSION
HEADLAMP WASHERS
6 AIRBAGS
WIRELESS ANDROID AUTO AND APPLE CARPLAY CONNECTIVITY
Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[NEXA]
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE
**RAIPUR: NEXA MAGNETO** (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160, 9111107011), **NEXA VIDHAN SABHA ROAD** (VISHWABHARTI AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 6262620001, 6262000768), **NEXA ONE RING ROAD** (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9926127774, 9111107258), **BHILAI: NEXA SUPELA** (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9589214824, 9098122136), **DURG: NEXA DURG BYPASS** (CHOUHAN AUTOMOBILES LLP. PH: 7909999302).
Scan to book
T&C apply. For more information kindly contact NEXA dealerships. Creative visualization. Accessories and features shown may not be part of standard equipment.
Black glass on the vehicle is due to lighting effect. Trademarks used belong to respective Trademark Owners. For details on functioning of safety features, including air bag, kindly refer to the Owner's Manual.

## जैकेट के शेष

### आरोपी को जेल .....

जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी। प्रकाश को अगस्त, 2022 में छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया था। एजेंसी द्वारा दावा किया गया था कि रांची में उनके घर पर दो एके-47 राइफलें, 60 कारतूस और दो मैगजीन मिली थीं। उन पर धनशोधन व शस्त्र अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। पीठ ने ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा कि चार पूरक आरोपपत्र दाखिल होने के बावजूद मामले में जांच अभी जारी है। पीठ ने राजू से कहा, हम आपको (ईडी को) नोटिस दे रहे हैं। (कानून के तहत) मामले की जांच पूरी हुए बिना आप किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकते। मुकदमा शुरू हुए बिना किसी व्यक्ति को हिरासत में नहीं रखा जा सकता। यह कैद के समान है और एक व्यक्ति की स्वतंत्रता को प्रभावित करता है। कुछ मामलों में हमें इस मुद्दे को सुलझाना होगा।

### इधर, सीईसी नियुक्ति ....

या किसी अन्य संगठन या प्राधिकरण की स्वतंत्रता, केवल चयन समिति में न्यायिक सदस्य की उपस्थिति से सुनिश्चित नहीं की जा सकती। सरकार के मुताबिक पारदर्शिता के लिए पैनल में मौजूद न्यायिक सदस्य जिम्मेदार नहीं है।

### खाना खा रहे .....

समय स्कूल के बरामदा में भोजन कर रहे थे। बरामदा के के छत में एस्बेस्टस का शीट लगा हुआ था उसी समय अचानक तेज आंधी चलने लगी जिससे स्कूल का शेड और कोपिंग के लिए लगी ईंट उखड़कर बच्चों पर आ गिरी। इस घटना से बरामदा में भोजन कर रहे 14 बच्चे घायल हो गए।

एकाएक हुई इस घटना से स्कूल के शिक्षकों में भी हड़कंप मच गया। घटना को देख ग्रामीण दौड़कर स्कूल पहुंचे, तब तक स्कूल में कोहराम मच गया था। आनन-फानन में बच्चों को पसान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां कुछ बच्चों को उपचार के लिए पेंड्रा जिला चिकित्सालय भेजा गया है।

हादसे में 14 बच्चे के घायल होने की जानकारी सामने आई है। उपचार के बाद 7 बच्चों को छुट्टी दे दी गई है, शेष बच्चों का पेंड्रा जिले में उपचार चल रहा है। घटना की जानकारी तत्काल जिला मुख्यालय भेजी गई। कलेक्टर अजीत वसंत ने शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय एवं पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के प्रभारी बीईओ अशोक चंद्राकर से घटना की जानकारी मांगी है।

प्रभारी डीईओ टीपी उपाध्याय ने कहा है कि बच्चों की छुट्टी होते ही बीईओ को घटना का जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। घायल बच्चों में सृष्टि पिता कमल उम्र 8 वर्ष, अनिता पिता मिंटू राज उम्र 9 वर्ष, शिवानी पिता बैसाखू उम्र 8 वर्ष, शशि पिता विनोद यादव उम्र 8 वर्ष, परिधि पिता जीवकुमार उम्र 8 वर्ष, सोनाली पिता सुनील सिंह उम्र 10 वर्ष, आस्था पिता जयकुमार उम्र 8 वर्ष, मनिया पिता जयमोहन उम्र 9 वर्ष, सृष्टि पिता गोंगा उम्र 10 वर्ष, कुसुम पिता गौकरण उम्र 11 वर्ष, आरती पिता शंकरउम्र 11 वर्ष, सावित्री पिता रामदास उम्र 11 वर्ष शामिल हैं।

**मांगा है जांच प्रतिवेदन :** सात को बच्चों को सामान्य चोट लगी थी जिनका उपचार कर छुट्टी दे दी गई। 7 बच्चों का उपचार चल रहा। बीईओ स्वयं मौजूद हैं। घटना की जांच कर बीईओ को जांच प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया है।
टीपी उपाध्याय, प्रभारी डीईओ कोरबा

**स्थिति सामान्य है, उच्च अधिकारी को अवगत करा दिया है :** 7 बच्चे जिन्हें गहरी चोटें आई थी, उनका उपचार पेंड्रा जिला चिकित्सालय में करा रहे हैं। स्थिति नियंत्रित है घटना से उच्च अधिकारी को अवगत करा दिया है।
**-एके चंद्राकर,** बीईओ, पोंडी-उपरोड़ा

### मां दंतेश्वरी के ....

इनके आशीर्वाद से ही शुरूआत की है। हमने माता से छग की खुशहाली और आगामी लोकसभा चुनाव की 11 सीटों को जीताकर देने का आशीर्वाद मांगा है। उन्होंने आगे कहा कि देश के 140 करोड़ लोगों का मान सम्मान पूरे विश्व में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बढ़ाया है। सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास को ध्येय मानकर हमें तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है, इसके लिए आप लोगों का सहयोग चाहिए। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि मेरे कलेक्टर कार्यकाल में दंतेवाड़ा का विकास हुआ। एजुकेशन सिटी का निर्माण किया गया। जिसे देश के प्रधानमंत्री ने भी सराहा और विश्व में ख्याति मिली। लोकसभा चुनाव के भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने कहा कि मैं भाजपा का छोटा सा कार्यकर्ता हूं, जिसे पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है। यह केवल भाजपा में ही संभव है। इस दौरान पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, ओजस्वी मंडावी, नंदलाल मुड़ामी, रामबाबू गौतम, महामंत्री संतोष गुप्ता, मुकेश शर्मा, मुन्ना मरकाम, कुलदीप ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इधर, छग के मुखिया विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन और महामंत्री धीरेंद्र प्रताप सिंह के सहयोग से आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ग्राम चितालंका में दंतेवाड़ा के चार विकासखंडों के कुल 370 लोग भाजपा में शामिल हुए। जिनमें मुख्य रूप से राजकुमार रावत की पत्नी विमला रावत, पूर्व एल्डरमेन गीतांजलि कुशवाह सहित कई कांग्रेसी शामिल है।

### पूर्व मंत्री के ....

अधिक चली। इसके बाद ईडी ने सभी को देर रात छोड़ा। ईडी ने डीएमएफ घोटाले मामले की जांच को अंजाम तक पहुंचाने के लिए पथरिया एसडीएम भरोसा राम ठाकुर, अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री के पुत्र और कारोबारियों को तलब किया। इससे पहले भी ईडी की टीम एसडीएम से पूछताछ कर चुकी है। एसडीएम पहले कोरबा जिले में पदस्थ रह चुके हैं। वे पिछली सरकार के गुड लिस्ट में शामिल थे। वहीं, पूर्व मंत्री के पुत्र से भी इससे पहले ईडी की टीम लंबी पूछताछ कर बयान ले चुकी है। बताया जा रहा है कि पूर्व मंत्री का पुत्र वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के नेता भी हैं।

# श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार को मिली बम से उड़ाने की धमकी

## पाकिस्तान से आया वाट्सअप कॉल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्रीकृष्ण जन्म भूमि बनाम शाही ईदगाह के मुख्य पक्षकार आशुतोष पांडे को दिल्ली से प्रयागराज हाईकोर्ट जाते समय बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी भरा फोन उन्हें पाकिस्तान से आया। जिसमें कहा गया कि मुकदमा वापस न लेने पर उन्हें बम से उड़ा दिया जाएगा। इसके बाद आशुतोष पांडे ने सैनी कोतवाली पहुंचकर इसकी शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस का कहना है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है। बता दें, श्रीकृष्ण जन्म भूमि बनाम शाही ईदगाह के मुख्य पक्षकार आशुतोष पांडे ने मंगलवार रात करीब 12 बजे स्थानीय थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वो नई दिल्ली से पैरवी के बाद प्रयागराज हाईकोर्ट जा रहे थे। तभी रास्ते में सैनी कोतवाली के पास पाकिस्तान के नंबर से वॉट्सऐप कॉल (923029854231) आया। आरोपी ने कहा कि मुकदमा वापस ले लो नहीं तो बम से उड़ा देंगे। इसके अलावा भगवान श्रीकृष्ण और अन्य देवी देवताओं को गंदी गंदी गाली दी गईं।



### पाकिस्तान से मिली आशुतोष पांडे को धमकी

देश के खिलाफ बोलने वाला एक वीडियो भी आरोपी ने भेजा, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ भी अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया। पुलिस ने आईपीसी धारा 504, 507 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आशुतोष पांडे ने पुलिस को बताया कि धमकी देने वाले शख्स ने वीडियो भेजा जिसमें कहा जा रहा है कि तुम्हारे देश का इलाज होगा।

### पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया केस

इस मामले पर एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार रात सैनी थाने पर आशुतोष पांडे जी आए थे। उन्होंने बताया कि श्री कृष्ण जन्मभूमि के पैरवी में प्रयागराज जा रहे थे इसी बीच उनके पास एक पाकिस्तान के नंबर से एक कॉल आई, जिसमें उन्हें धमकी दी गई है। थाने में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। इसकी गहराई से जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसी के आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पीएम मोदी ने पुतिन को किया फोन

# बताया-कैसे खत्म सकती है रूस और यूक्रेन में 'जंग'

रूस-यूक्रेन संघर्ष पर चर्चा करते हुए पीएम मोदी ने आगे बढ़ने के लिए बातचीत और कूटनीति के पक्षधर के तौर पर भारत के रुख को दोहराया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उनके फिर से राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई दी और दोहराया कि रूस-यूक्रेन संघर्ष को हल करने के लिए बातचीत और कूटनीति ही आगे का रास्ता है। अधिकारियों ने बताया कि टेलीफोन पर हुई बातचीत में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की और क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। पुतिन को दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई देते हुए पीएम मोदी ने रूस की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं ने आने वाले वर्षों में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में ठोस प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति पुतिन के साथ बात की और रूसी संघ के राष्ट्रपति के रूप में उनके फिर से चुने जाने पर उन्हें बधाई दी। हम आने वाले वर्षों में भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और गहरा और विस्तारित करने के लिए मिलकर काम करने के लिए सहमत हुए।

## कनाडा ने इजराइल को हथियार बेचने पर लगाया प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडाई संसद हाउस ऑफ कॉमन्स ने इजराइल को हथियारों की बिक्री रोकने के लिए एक गैर-बाध्यकारी प्रस्ताव पारित किया है, जिसके बाद कनाडाई विदेश मंत्री मेलानी जोली ने घोषणा की है, कि कनाडा इजराइल को सभी हथियारों की खेप को रोक रहा है। गाजा में इजराइल लगातार हमले कर रहा है और अब कनाडा, नीदरलैंड, जापान, स्पेन और बेल्जियम के क्लब में शामिल हो गया है, जिन्होंने इजराइल को हथियारों की आपूर्ति रोक दी है।

■ जस्टिन ट्रूडो को सबक सिखाएंगे पीएम बेंजामिन नेतन्याहू

## नहीं देने पर किडनी बेच देने की धमकी

# अमेरिका में भारतीय छात्र का हुआ अपहरण, मांगी 1200 डॉलर की फिरौती



■ छात्र पिछले 13 दिन से है लापता
ड्रग तस्करों ने किया अपहरण

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

अमेरीका में भारत का एक छात्र लापता हो गया। यह छात्र हैदराबाद का था और अमेरिका में रहकर पढ़ाई कर रहा था। हैदराबाद के 25 वर्षीय अब्दुल मोहम्मद ने ओहियो के क्लीवलैंड विश्वविद्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी में मास्टर डिग्री हासिल करने के लिए पिछले मई में अमेरिका गया था। परिवार ने दावा किया कि उन्होंने 7 मार्च के बाद से उनसे बात नहीं की है। वहीं अचानक माता-पिता को उनके बेटे के लापता होने के बाद फिरौती के लिए फोन आया है। फिरौती ने माता-पिता को कॉल कर लगभग एक लाख रुपए की मांग की है।

### हैदराबाद में रह रहे पिता को अज्ञात नंबर से आया फोन

अब्दुल के पिता मोहम्मद सलीम को पिछले हफ्ते एक अज्ञात नंबर से फोन आया, जिसमें बताया गया कि उनके बेटे को क्लीवलैंड में ड्रग विक्रेताओं द्वारा अपहरण कर लिया गया है। अज्ञात कॉल करने वाले ने उसे रिहा करने के लिए 1200 डॉलर की मांग की है। फिरौती मांगने वाले ने अब्दुल के परिवार को अभी भुगतान का तरीका नहीं बताया है। अब्दुल के परिवार ने कहा कि उसने पैसे देने से इनकार करने पर माफिया को उसकी किडनी बेचने की धमकी भीदी है।

**अमेरिका में रह रहे रिश्तेदारों ने की पुलिस से शिकायत :** फिरौती की मांग के बाद अब्दुल के माता-पिता ने अमेरिका में उसके रिश्तेदारों को इसके बारे में सूचना दी। जिसके बाद क्लीवलैंड पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने कहा कि जानकारी के अनुसार, आखिरी बार मोहम्मद ने सफेद टी-शर्ट, लाल जैकेट और नीली जींस पहन रखी थी।

## पेज एक के शेष

### लोकसभा चुनाव के लिए ...

नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। हालांकि बिहार में पहले चरण में जिन चार लोकसभा सीट के लिए मतदान होना है, उनके लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख एक त्योहार की वजह से बढ़ाकर 28 मार्च की गई है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जाएगी। हालांकि, बिहार के लिए यह तारीख 30 मार्च होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 30 मार्च है जबकि बिहार के लिए यह दो अप्रैल है। अठारहवीं लोकसभा के लिए चुनाव 19 अप्रैल को शुरू होंगे और उसके बाद 26 अप्रैल, सात मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी।

इस चरण में जिन प्रमुख उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर लगी है, उनमें डिब्रूगढ़ से केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल है जिनके खिलाफ असम के संयुक्त विपक्षी मोर्चा के लुरिनज्योति गोगोई मैदान में हैं। मौजूदा लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई का मुकाबला जोरहाट से भाजपा के टोपोन गोगोई से है। काजीरंगा में भाजपा के राज्यसभा सदस्य कामाख्या प्रसाद तासा का मुकाबला पूर्व कांग्रेस विधायक रोजेलिना तिर्की से है। पुडुचेरी में निर्वाचन अधिकारी ए कुलोथुंगन ने केंद्र शासित प्रदेश की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए वैधानिक अधिसूचना जारी की। जम्मू-कश्मीर में उधमपुर-कठुआ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र देश भर के 102 क्षेत्रों में से एक है जहां पहले चरण में मतदान होगा। अभी तक केवल भाजपा और पूर्व कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) ने ही इस सीट के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा की है। मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और पूर्व मंत्री जी एम सरूरी क्रमशः भाजपा और डीपीएपी के उम्मीदवार हैं।

### खराब सड़कों पर ...

जिस सड़क में कार्य चल रहा हो, उस सड़क में कार्य प्रारंभ होने की तारीख व कार्य पूर्ण होने की तारीख और जिस सड़क का टेंडर ही जारी न हुआ हो, उसकी स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करें। हाईकोर्ट ने जनहित याचिकाओं पर यह संज्ञान लिया है। हाईकोर्ट में खराब सड़कों को लेकर चल रही जनहित याचिकाओं पर बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शासन की तरफ से बताया गया कि सड़क का निर्माण और मरम्मत की कार्रवाई शुरू हो गई है।

### इस साल 51 दिनों ...

की तैयारियां शुरू हो गई हैं। चुनाव आयोग ने तारीखों का ऐलान कर दिया है। राजनीतिक दल भी सोशल मीडिया से लेकर डोर-टू-डोर प्रचार अभियान में जोर-शोर के साथ जुट गए हैं। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अमरनाथ की यात्रा की अवधि को घटा दिया गया है। इस बार अमरनाथ यात्रा 2 महीने की जगह केवल 51 दिनों तक ही चलेगी। नबता दें राजभवन में शाम चार बजे अमरनाथ श्राइन बोर्ड के चेयरमैन एवं उप राज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई थी। इसमें सभी सदस्यों को बुलाया गया था।

### एक भाई से पानी...

वाली इस वारदात की आपबीती बताई है। पीयूष ने कहा, जब मैं ऊपर गया तो उन्होंने मेरा मुंह पकड़ लिया। इस दौरान मैं चाकू के हमले से घायल हो गया और मैं उन्हें (साजिद और जावेद) को धक्का देकर नीचे भाग आया। फिर मैं मम्मी और पापा को बाहर ले आया। इसके बाद दरवाजा लगा दिया। बच्चे ने आगे कहा, मेरे बड़े भाई से उन्होंने (साजिद और जावेद) चाय मंगाई और छोटे भाई से पानी मंगाया। मेरे बड़े भाई को पहले मारा और फिर छोटा भाई आया तो उसको भी मार दिया। छोटा भाई चिल्लाया तो मैं ऊपर गया था। बच्चों की दादी, मां, साजिद के हमले के बाद जिंदा बच गए विनोद ठाकुर के तीसरे बेटे और आसपास के लोगों की बातों से अब तक जो घटनाक्रम सामने आया है उसके मुताबिक मंगलवार की शाम आरोपी साजिद और उसका भाई जावेद बाबा कॉलोनी स्थित विनोद ठाकुर के घर पहुंचे। विनोद ठाकुर की पत्नी संगीता ब्यूटी पार्लर चलाती हैं। साजिद और जावेद का सैलून उनके पड़ोस में ही था। साजिद ने संगीता और उनकी सास से बताया कि उसकी पत्नी अस्पताल में भर्ती है। उसने डिलीवरी का हवाला देते हुए पांच हजार रुपए उधार मांगे। इस पर संगीता ने अपने पति विनोद ठाकुर से फोन पर बात की और उनसे इस बारे में पूछा। पति के कहने पर उन्होंने साजिद को पांच हजार रुपए दे दिए। इसी दौरान साजिद ने चाय पीने की इच्छा जाहिर की। संगीता चाय बनाने चली गईं। उधर, साजिद मकान की तीसरी मंजिल पर चला गया। जबकि जावेद बाहर बैठ गया। बच्चे खेल रहे थे। साजिद ने एक बच्चे को दुकान से गुटखा लाने को भेज दिया। दूसरे बच्चे से उसने चाय लाने को कहा और फिर तीसरे बच्चे को पानी के लिए आवाज लगाई। बच्चा पानी लेकर ऊपर गया लेकिन थोड़ी देर बाद चीखने की आवाजें आने लगीं। साजिद पर ऐसा खून सवार था कि उसने आयुष और आहान को छुरी से काट डाला। तीसरा बेटा पीयूष गुटखा लेकर वापस पहुंचा तो उसने अपने भाइयों को बचाने की कोशिश की। आरोपी साजिद ने उस पर भी जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। वह किसी तरह साजिद के चुंगल से छूटकर चीखता-चिल्लाता भागा और नीचे पहुंचा।

### चीन ने समर्थन किया नए और सख्त सुरक्षा कानूनों का

**बीजिंग।** हॉन्गकॉन्ग में सुरक्षा को लेकर बनाए गए नए कानूनों का चीन ने समर्थन किया है। चीन ने इन कानूनों को बेहद कठोर बताने वाले देश ब्रिटेन और यूरोपीय यूनियन को आड़े हाथ लिया। चीन ने कहा है कि अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ को हॉन्गकॉन्ग के कानूनी मसलों मे हस्तक्षेप बंद करना चाहिए।

## भोपाल रेलवे में पहुंचा अजीब मामलाः 'मदद एप' पर पत्नी ने की थी शिकायत

# 'इंजीनियर साहब' चुराते थे रेलवे के कंबल, तकिए और चादरें, पत्नी ने वीडियो बनाकर खोल दी 'पोल'

ट्रेनों से 40 तौलिए, 30 चादर और 6 कंबल चुराए

पति ने एक संदूक में चोरी का यह सामान भरकर रखा हुआ था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में एक प्राइवेट कंपनी में इंजीनियर की ट्रेनों से कंबल और चादर चुराने की आदत की पोल उसकी पत्नी ने खोल दी है और चोरी किए गए चादर और कंबल का एक वीडियो भी वायरल किया है।

इसके साथ ही रेलवे पुलिस से भी इस मामले की शिकायत की गई है। महिला का कहना है कि पति की इस आदत का मुझे बहुत बुरा लगा है, इसलिए इस मामले की शिकायत की है। बहरहाल, अब इस कदम से शिकायतकर्ता पत्नी की तारीफ हो रही है। सभी उसके इस साहसिक कदम की प्रशंसा कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक महिला राजस्थान की रहने वाली है और उसका निकाह उत्तरप्रदेश के कानपुर में रहने वाले अरशद नाम के व्यक्ति से हुआ है। अरशद भोपाल जिले में प्राइवेट कंपनी में काम करता है और भोपाल के कोहेफिजा में किराए के मकान में रहता है। महिला ने एक वीडियो भी वायरल किया है जिसमें महिला ने कहा कि उसके घर में एक संदूक रखा हुआ था। जिसे उसका पति खोलना नहीं देता था और उसमें ताला लगा हुआ था।




### ट्रेन में सफर के दौरान लगी चोरी की आदत

*दरअसल ट्रेन में सफर करने के दौरान इंजीनियर को रेलवे की चादर, तकिया और टॉवल चुराने की आदत लग गई थी। इंजीनियर ने एक नहीं दो नहीं बल्कि 40 तौलिया, 30 चादर और 6 कंबल चुराए लिए।*

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। कारोबार में अभी कठिनाइयां बनी रहेंगी। सचेत रहें। कोई नया निवेश करने से बचें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में संयत रहें। कारोबार विस्तार के लिए परिवार से आर्थिक सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** — मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में विदेश यात्रा पर जा सकते हैं।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। मन अशान्त रहेगा। संयत रहें। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां तो रहेंगी, लेकिन परिश्रम भी अधिक रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।


**धनु** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु अतिउत्साही होने से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

## शब्द पहेली - 5459



**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5458 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ल | ज्ज | त | दा | र | | क | र | त | ब |
| म | त | | क | | ज | टि | ल | | वा | र |
| न | | क | रा | मा | त | | म | य | | ज |
| भा | जी | दा | र | | प | ल | | म | द | द |
| व | | चा | | अ | ट | ल | | | रा | |
| न | ज | र | बं | द | | का | न | भ | र | ना |
| | मी | | | र | न | र | | इ | | म |
| अ | न | ल | | क | र | | अ | क | ब | र |
| म | | ता | क | | क | त | र | ना | | ख |
| रु | ह | | ह | ल | वा | | दा | | आ | ना |
| द | म | दा | र | | स | न | स | ना | ना | |

## सूडोकु नवताल - 5470

✶✶✶✶✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5469 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से स्कूटी चालक की मौत



**महासमुंद।** बसना थाना में मोटर सायकल की टक्कर से स्कूटी चालक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी गिरजा प्रसाद नैरोजी पिता स्व.कलश राम नैरोजी (55) के नाती आर्यन नैरोजी के स्कूटी को मो.सा. क्र. सीजी-06 जीए-8420 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर टक्कर मार दिया, जिससे गंभीर चोट लगने से वह घायल हो गया। आर्यन को शासकीय अस्पताल बसना ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध कायम किया गया है।

### ट्रक की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद।** नेशनल हाईवे 353 रोड हनुमान के पास ग्राम बेलसोंडा में ट्रक की टक्कर से मोटर साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीजे 9888 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर बाइक क्रमांक सीजी 04 एमएस 6724 को पीछे से ठोकर मार दिया। इस घटना में बाइक सवार यशवंत निषाद पिता दुकालू निषाद (24) निवासी बेमचा को गंभीर चोट आई। जिसकी निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

### सरेंडर : समर्पण में जिला बल व सीआरपीएफ का रहा विशेष योगदान

# डेढ़ दशक से सक्रिय 8 लाख के इनामी नक्सली ने किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज जगदलपुर।

पिछले डेढ़ दशक से छग-तेलंगाना के सरहदी इलाके में सक्रिय माओवादी ने बुधवार को शासन की नक्सलवाद उन्मूलन नीति व सुकमा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नई सुबह नई शुरूआत अभियान से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण कर दिया। समर्पित नक्सली कंपनी नम्बर दो का मेंबर है जिस पर शासन ने 8 लाख का इनाम घोषित कर रखा था। सुकमा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आत्मसमर्पित नक्सली संगठन में विगत 15-16 साल से सक्रिय था। जिसने शासन की नक्सलवाद उन्मूलन नीति तथा सुकमा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे पूना नर्कोम अभियान नई सुबह-नई शुरूआत से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पित नक्सली थाना किस्टाराम के ग्राम बुर्कलंका निवासी है जिसे समर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में जिला बल सुकमा व 217 बटालियन सीआरपीएफ का विशेष योगदान रहा।



### इन मुठभेड़ों में रहा शामिल

एसएलआर लेकर चलने वाला समर्पित नक्सली रोशन उर्फ सम्मैया सोड़ी वर्ष 2008 से 2009 तक ग्राम बुर्कलंका जीआरडी मिलिशिया सदस्य। वर्ष 2010 जनवरी से जून माह तक पालाचलमा एलओएस सदस्य। वर्ष 2010 जुलाई से 2011 आंधा-ओड़िशा बॉर्डर एओबी मेंबर व वर्ष 2012 माह अगस्त से अब-तक सीआरसी कंपनी नंबर 2 का पीपीसीएम का मेंबर रहा है। वह वर्ष 2015 में जिला बीजापुर के थाना भैरमगढ़ के जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़, वर्ष 2016 में थाना किस्टाराम क्षेत्रान्तर्गत बोट्टेतोंग के जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में शामिल था। इस मुठभेड़ में 9 नक्सली मारे गये थे। वर्ष 2018 में जिला बीजापुर के थाना उसूर के ग्राम पुजारी कांकेर में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ मे शामिल था। जिसमें 10 नक्सली मारे गये थे। वहीं वर्ष 2021 में जिला बीजापुर व सुकमा के सीमावर्ती ग्राम टेकलगुड़ा पुलिस नक्सली मुठभेड़ में भी वह शामिल था।

### मुठभेड़ में मारे गए इनामी महिला व पुरुष नक्सली की हुई शिनाख्त

**दंतेवाड़ा।** जिला अंतर्गत किरंदुल थाना क्षेत्र के गमपुर के जंगल में नक्सली मुठभेड़ में मारे गए दो नक्सलियों की शिनाख्त हो गई है। सर्चिंग के दौरान दोनों नक्सलियों के शव समेत विस्फोटक बरामद किया गया है। डीआरजी, बस्तर फाइटर्स व सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने किरंदुल इलाके में मंगलवार को हुई मुठभेड़ में 5 लाख इनामी महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों को मार गिराया था। जिसमें मारे गये महिला नक्सली की पहचान डोडी लक्खे उर्फ माड़वी लक्खे मिलिट्री प्लाटून नंबर 24 सदस्य, केरलापाल केएएमएस अध्यक्ष, एसीएम एरिया कमेटी सदस्य के रूप में हुई है। उक्त महिला नक्सली पर शासन द्वारा 5 लाख रुपए का इनाम घोषित है। मारी गई महिला नक्सली विभिन्न नक्सली घटनाओं में शामिल थी एवं




उसके विरुद्ध जिला दंतेवाड़ा एवं सुकमा में कुल 5 अपराध दर्ज है। दूसरे पुरुष नक्सली की पहचान लच्छू निवासी गमपुर पद गमपुर ग्राम जनताना सरकार अध्यक्ष के रूप में की गई है। शासन द्वारा इस पर 1 लाख रुपए का इनाम घोषित है। जिस पर थाना किरंदुल में 1 अपराध दर्ज है।

## गांव के निकट पहुंचा तेंदुआ, पेड़ पर बैठकर कर रहा था आराम, वन विभाग ने ग्रामीणों को मौके से हटाया

**रसेला।** ग्राम पंचायत कुडेरादादर के आश्रित ग्राम छिदपारा में गांव से कुछ दूर जंगल में पीपल के पेड़ में बैठे तेंदुए को देखने ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। कुछ जागरुक ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। विभागीय टीम के पहुंचते तक तेंदुआ भी ऊंची साखा पर बैठकर आराम करता रहा। ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुए ने किसी को नुक्सान नहीं पहुंचाया है, बल्कि भीड़ को देखकर वह खुद घबरा



गया है। कभी वो इस डाल पर छलांग लगाता तो कभी दूसरी डाल पर। वन विभाग के कर्मचारी ने ग्रामीणों को सलाह दी कि वे भीड़ बढ़ाने के बजाय अपने-अपने घरों में चलें जाएं, ताकि तेंदुआ शांत हो सके। उन्होंने कहा कि जब रात होगी, तब तेंदुआ अपने आप पीपल के पेड़ से उतरकर जंगल में चला जाएगा। हालांकि कर्मचारी ग्रामीणों को रवाना करने के बाद तेंदुए की हर हरकत पर नजर रखे हुए थे।

# शराब पीने के बाद हुआ विवाद दोस्त ने दोस्त की हत्या कर दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दोस्त के साथ बैठकर शराब पी फिर किसी बात पर हुए विवाद में दोस्त ने दोस्त का गला काटकर निर्मम हत्या कर दी। पुलिस ने नांदगांव में हुए हत्याकांड मामले में बताया कि मृतक ने ही उसकी हत्या की थी। हालांकि मंगलवार को मामले में देर रात पुलिस आरोपी तक पहुंची चुकी थी लेकिन, अपराध कबूलने का खुलासा बुधवार को किया गया।

पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि मृतक पूनम पटेल रात में लगभग साढ़ नौ बजे पानी पाउच, डिस्पोजन, चखना लेने गांव के बिहारी दुकान में गांव के प्रेम जांगडे के साथ पहुंचा।

मृतक को आखरी बार प्रेम जांगडे के साथ देखने से प्रेम जांगडे पर संदेह होने पर पुलिस की टीम के द्वारा संदेही को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। घटना के संबंध में पूछताछ करने पर पुलिस टीम को संदेही गोलमोल जवाब देकर गुमराह करने लगा।

# टेस्ट ड्राइव के नाम पर नाबालिग ले उड़े 19 लाख की थार गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

टेस्ट ड्राइव के नाम पर पहले तो दो नाबालिगों ने कंपनी से गाड़ी मंगाई फिर फिल्मी स्टाइल में कर्मचारी को विडियो बनाने बोले और उसके बाद 19 लाख की महिन्द्रा थार गाड़ी को ले उड़े। हालांकि रिपोर्ट दर्ज होने के कुछ ही घंटों में पुलिस ने वाहन बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफल रही।

नाबालिगों ने थार वाहन खरीदने और टेस्ट ड्राइव के लिए महेन्द्रा कंपनी के कर्मचारियों को ग्राम तोकापाल में बुलाया। इस दौरान



ग्राम एर्राकोंट पाण्डुपारा के करीब वाहन रूकवाकर नाबालिगों ने कर्मचारियों को विडियो बनाने को कहा। जब कर्मचारी विडियो बनाते रहे तभी दोनों ने गाड़ी को पार कर दिया। इस दौरान दोनों गाड़ी को ग्रामीण इलाके में लेकर घूमते रहे।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment**
**आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

**आवश्यकता है-** रायपुर लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले, रहना, खाना, फ्री,वेतन 10000 से 15000 MO.7869230888, 8109070600. (RO-1156)

**आवश्यकता है-** रायपुर ऑफिस व कुम्हारी प्रेस के लिए सिक्युरीटी गार्ड की। भूतपूर्व सैनिक एवं अनुभवी को प्राथमिकता। संपर्क करें: 11.00 से 1.00 बजे। **नवबोध प्रकाशन, 7. समता कॉलोनी, भीमसेन भवन के सामने, रायपुर (छ.ग.) फोन 0771-4200932.**(RO-012)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**नर्सिंग स्टाफ**

**आवश्यकता है-** अष्टविनायक हॉस्पिटल , विधान सभा रोड , रायपुर में अनुभवी नर्सिंग स्टाफ- नवजात शिशु गहन चिकित्सा कक्ष ( NICU ) कार्य हेतु चाहिए । आकर्षक सैलरी । **कॉल :- 9826182221 , 7879485051.** (RO-1163)

**आवश्यकता है-** नर्सिंग होम में डे व नाइट ड्यूटी हेतु आयाबाई, ट्रेण्ड स्टाफ व अनट्रेण्ड लड़कियों की। **संपर्क:- अग्रवाल नर्सिंग होम शंकरनगर दुर्ग समय 11 से 2 बजे के बीच** (आरो न.-5595)

**प्रशिक्षक**

**आवश्यकता है-** Mobile phones hardware & software repairing प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षक की आवश्यकता है। 1 पद आवेदन agraseniti@gmail.com में मेल करें। **संपर्क: अग्रसेन आईटीआई कोहका भिलाई।**(आरो न.-6052)

**मशीन ऑपरेटर**

**आवश्यकता है-** आस्था हॉस्पिटल के पास सेजबहार रायपुर स्थित फैक्टरी में फिलेट मशीन( Machli Katne wali machine) चलाने हेतु ऑपरेटर की आवश्यकता है । **संपर्क- अनुराग दत्ता मो.7587323876.** (RO-1411)

**टीचर**

**आवश्यकता है-** व्ही.आर एजुकेशनल अकैडमी हायर सेकेंडरी स्कूल कैलाश नगर बिरगांव रायपुर में अंग्रेजी माध्यम हेतु कक्षा नर्सरी से दसवीं तक के लिए सभी विषयों तथा हायर सेकेंडरी में मैथ्स, बायो, साइंस, कॉमर्स, आट्र्स के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं की आवश्यकता है **संपर्क:- 9754955511, 7738963592 समय- सुबह 8:00 से 12:00.**(RO-2607)

**आवश्यकता है-** प्रगति विद्यालय हायर सेकेंडरी स्कूल रामेश्वर नगर भनपुरी रायपुर में अंग्रेजी माध्यम हेतु कक्षा नर्सरी से दसवीं तक सभी विषयों तथा हायर सेकेंडरी में मैथ्स, बायो, साइंस, कॉमर्स, आट्र्स एवं म्यूजिक, स्पोर्ट्स शिक्षक तथा शिक्षिकाओं की आवश्यकता है **संपर्क:- 9754955511, 7738963592 समय- सुबह 8:00 से 12:00.**(RO-2608)

**आवश्यकता है-** प्राचार्य (1 पद) योग्यता- B.E /Diploma/ITI Pass in electrical trade अनुभवी को प्राथमिकता। बी.एस.पी रिटार्यड कर्मचारी भी आवेदन करे। **संपर्क - अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई धनोरा, दुर्ग। आवेदन** agraseniti@gmail.com **में मेंल करें।** (आरो न.-5599)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**ड्रायवर**

**आवश्यकता है-** ऑटोमेटिक कार चलाने घरेलू ड्राइवर, घरेलू /ऑफिस कार्य पत्नी हेतु घर कार्य जिसे अच्छा खाना बनाना आता हो सभी तरह का (रहने हेतु रूम है,) आदतन शराबी न हो तुरंत मिलें, **व्हाट्सएप नं. 8889986669 टाटीबंध, हीरापुर, रायपुर.** (RO-2603)

**कुक**

**आवश्यकता है-** भिलाई में क्लाउड रिस्टोरेंट के लिए , चिकन दम बिरयानी, चिकन तंदूर आइटम, बटर चिकन, काठी रोल, लच्छा पराठा, आदि बनाने वाला कुक चाहिए, सैलरी 12,000 से 20,000/- **कॉल 7389749866.**(RO-1161)

**वायरमेन**

**शीघ्र आवश्यकता है-** दुर्ग बिजली आफिस के ग्रामीण एवं शहर संभाग के अंतर्गत आने वाले वितरण केंद्रो/जोन में स्मार्ट मीटर लगाने हेतू कर्मचारियो की अतिशीघ्र आवश्यकता है। योग्यता - (1)12वीं उत्तीर्ण, (2) आई.टी.आई. (विद्युतकार, वायरमेन) **मो.-093350-19333, 096308-88098.**(RO-6051)

**ऑफिस कार्य**

**आवश्यकता है-** इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं, 12वी, स्नातक लड़के चाहिए वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस+ रहना फ्री कोई शुल्क नहीं लगेगा **सम्पर्क करें- सरकण्डा बिलासपुर 9575712101, 7970225494.**(RO-33421)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 10वीं 12वीं पास लड़कों की आवश्यकता है सैलेरी 10000+ कमीशन+ बोनस रहना फ्री ट्रेनिंग के बाद कमाए 15000 से 20000 महीना **सम्पर्क करें- सरकंडा बिलासपुर 6265735407, 6266578863** (RO-33388)

**सुपर बाजार**

**आवश्यकता है-** VPS किराना सुपर बाजार .भाठागाँव रायपुर में काम करने हेतु दस अनुभवी युवक युवती और एक गार्ड कर्मचारियों की आवश्यकता है कृपया अपने अपने आधार कार्ड फोटो और परिचय पत्र के साथ .VPS पते में आकर **संपर्क करें , पता .** VPS SUPER BAZAR . VPS **पता , पूजा ज्वेलर्स के ठीक सामने भाठागाँव रायपुर . 8109 199 199.**(RO-M)

**टीचर**

**आवश्यकता है-** अग्रसेन इंटरनेशनल स्कूल, कोहका भिलाई हेतु आवश्यकता है। English Teacher 2 पद Computer Teacher 1 पद वेतन 12000-15000/- **आवेदन** aisbhilai@gmail.com **में मेल करें।** (आरो न.-5598)

**वेल्डर/फिटर/हेल्पर**

**आवश्यकता है-** ऑल छत्तीसगढ़ ऑफिस कार्य, वेल्डर, कटर, फिटर, हेल्पर, इलेक्ट्रीशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर, ड्राइवर, चपरासी, गार्ड, स्टोर कीपर, सुपरवाइजर, इंजीनियर, सभी 5वीं से ग्रेजुएट वेतन 12000- 40000/- परमानेंट कंपनी हेतु मेडिकल +रहना फ्री व्यापार **विहार बिलासपुर. 9111965184.**(RO-2610)

**चौकीदार**

**आवश्यकता है-** अग्रसेन प्रा. आई.टी आई कोहका भिलाई हेतु आवासीय चौकीदार की आवश्यकता है 01 पद। **संपर्क -89595-93949.**(आरो न.-5600)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**अन्य**

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम(SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें-9883460031.**(RO-6999)

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट हेतु सीधी भर्ती (पक्की नौकरी) अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) तुरंत जॉइनिंग (32200- 75500) सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, चेकर, हेल्पर, ड्राइवर, गार्ड (फ्री रहना +खाना + मेडिकल) **रायपुर संपर्क:- 08287349961.** (RO-2571)

**आवश्यकता है-** भारतीय वनविभाग नें कम्पनी द्वारा निकाला वामपर ऑफर, वनविभाग मे 5070 सीट पर सीधी पकी भर्ती,परमानेंट वैसेस पर (10th , 12th पास) लड़का लड़किया आवेदन करे, पद - फॉरेस्टगार्ड, क्लर्क, चपरासी, माली, सैलरी- (28670 से 35670) , **कॉल या व्हाट्सअप करे - 9046968782.**(RO-7015)

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के, लड़कियों , गृहणियां कमाए ( 18000- 55000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ SMS/ WhatsApp/ **करें - 07903284986.**(RO-7000)

**Astrology**
**ज्योतिष**

**ज्योतिष -** नारायण शास्त्री घर बैठे समाधान 7347259119 प्यार में धोखा, वशीकरण, सौतन दुश्मन छुटकारा लवमैरिज, रूठें मानना, ग्रहकलेश, किया कराया, दवाई ना लगना, कारोबार, प्रेमी पति संतान अनबन (समस्या कैसी भी जड़ से खत्म) **7347259119.** (RO-12599)

**Business**
**व्यापार**

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-** APS **इंटरप्राईजेस, रायपुर- 8602908677, 7477221345, बिलासपुर 9993444253, 8359913999, रायगढ़- 7869755871.**(RO-2586)

**Property**
**प्रापर्टी**

**मकान**

**मकान बेचना है-** महालक्ष्मी प्रिंटिंग प्रेस के आगे पचरीपारा दुर्ग में दो मंजिला मकान (800+800=1600sf ) बेचना है **संपर्क करें :- 9406275352.**(RO-1056)

**मकान बेचना है-** स्टेशन रोड केलकर पारा रायपुर 21 x 31 एरिया 3 मंजिला मकान अतिशीघ्र बेचना है । संपर्क करें मोबाइल 98261-75298.(RO-1437)

**प्लाट**

**प्लॉट बेचना है -** साइज 50 x 60 = 3000 sqft जंजगीरी कुम्हारी में प्लॉट बेचना है। प्रॉपर्टी मालिक मोहम्मद इशराक **सम्पर्क करें- 87370-12659, 96851-03269, 98261-48961, 3998-91887** (आरो -438)

**जमीन**

**बेचना है-** केंद्री (अभनपुर) में शासकीय नवीन प्राथमिक स्कूल के सामने आधा एकड़ (22000 फीट) मौके पर 24000 फीट है, बेचना है। 400/- प्रति फीट, दलाल भी **संपर्ककरें- 9425209840, 9525515540** (RO-4274)

छोटा विज्ञापन

**जमीन बेचना है-** ग्राम जेवरा में स्थित 2 एकड़ जमीन IIT के गेट नं. 03 के निकट स्थित, स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटर, गोडाउन, हॉस्टल हेतु उपयुक्त जमीन बेचना है। **संपर्क:- 94252-35536, 88390-02148.**(आरो न.-5597)

**For Rent**
**किराया**

**किराये से देना है-** राजधानी विहार अंबुजा मॉल के पास 1050 वर्गफीट में बना गार्डन फेसिंग 2BHK फ्लैट, कवर्ड कैंपस, लिफ्ट, सर्वसुविधायुक्त सेमीफर्निश्ड फ्लैट किराए से देना है। **संपर्क करें:- 860 2250000.**(RO-1445)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में फिर किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

Healthcare

ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद



- गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन ।
- शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना ।
- लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी ।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी ।
- आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुन: प्राप्त करें ।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
- नि:संतान दम्पत्ति आज ही मिले ।

आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पिटल
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844


### सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत पंडरीपानी तालाब के पास 19 मार्च को दोपहर 12 बजें हुई सड़क दुर्घटना में नरहरपुर निवासी 29 वर्षीय देवराज पिता स्व. दुकालू का ईलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गया। मृतक के छोटे भाई 28 वर्षीय देवलाल विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि 19 मार्च को मृतक देवराज मोटर सायकल वाहन क्रमांक ओडी 26 सी 1095 में सवार होकर निजी काम से कांकेर की ओर जा रहा था। पंडरीपानी के पास पहुंचा था कि तालाब के पास स्कूटी चालक के द्वारा ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे वह बेहोश हो गया। ईलाज के लिए जिला अस्पताल कांकेर में भर्ती किया गया, जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### खड़ी ट्रक से बाइक सवार टकराया, मौत

**भिलाई।** सड़क पर बिना इंडिकेटर देकर खडी ट्रक से टकरा जाने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 283,337,304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि भानूप्रतापपुर जिला कांकेर निवासी गुलशन साहु 13 वर्ष अपने गांव जा रहा था। इस दौरान मामा हितेश साहू, मौसी योगिता साहू के साथ बाइक सीजी 25 एल 5298 में सवार होकर मरोदा से मामा गांव सहसपुर बेमेतरा दुर्ग धमधा रोड होते हुए जा रहे थे। इस दौरान देर शाम 7.30 बजे ग्राम मेडेसरा बोथरा पेट्रोल पंप के पास पहुचे ही थे कि ट्रक सीजी 15 ए 2403 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन बिना किसी संकेत और बिना पार्किंग लाईट जलाये सड़क पर खडा किया था। 16 मार्च की रात बाइक चालक हितेश साहु अंधेरा होने से ट्रक से जा टकरा गया। घटना में बाइक में बैठा गुलशन साहु के सिर समेत शरीर पर विभिन्न जगह पर चोट आई।



# 100वीं फिल्म में नरसंहार करेंगे मनोज बाजपेयी

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी की नई फिल्म 'भैया जी' का टीजर बुधवार, 20 मार्च को रिलीज हो गया है। और यकीन मानिए, यह ऐसी फिल्म लग रही है जिसका इंतजार करना भी मुश्कलि है। 'सत्या', 'शूल' और 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' में अपने इंटेंस एक्शन अवतार से खौफ पैदा करने वाले मनोज इस बार देसी एक्शन स्टार बनकर लौटे हैं। एक मिनट और 23 सेकेंड के इस टीजर में बहती हवाओं से लेकर उड़ती धूल तक में सिर्फ एक चीज है- भैया जी का खौफ। इस टीजर को शेयर करते हुए मनोज बाजपेयी ने इंस्टाग्राम पर लिखा है, 'अब निवेदन नहीं नरसंहार होगा। आ गई है भैय्या जी की पहली झलक।'



## लाइफ Style

# श्रद्धा कपूर

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर सोशल मीडिया फ्रीक हैं और आए दिन सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। इसी वजह से वो सबसे पॉपुलर भारतीय इंस्टाग्रामर्स की लिस्ट में शामिल अभिनेत्री भी हैं। एक्ट्रेस अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खबरों में बनी रहती हैं। हाल में ही एक्ट्रेस का वीडियो सामने आया जो हर किसी का ध्यान खींच रहा है।

## लगी जोर की भूख, मांगने लगीं फ्री में पिज्जा

एजेंसी ⏭ मुंबई

'तू झूठी मैं मक्कार' एक्ट्रेस हाल में ही एक इवेंट में स्पॉट की गई थीं, जहां उन्हें जोर की भूख लग गई। फिर क्या था एक्ट्रेस ने वहीं खाने का इंतजाम करना शुरू कर दिया। अब आपको पूरा मामला बताते हैं। एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर बीती शाम एक इवेंट में पहुंची ही थीं कि उन्हें काफी भूख लगी। बाहर ही पिज्जा बंट रहे थे। एक्ट्रेस झट से वहां पहुंचीं और उन्होंने बिना संकोच पूछा कि अगर एक एक्स्ट्रा हो तो उन्हें दे दें। एक्ट्रेस ने पैपराजी के लिए लगे पिज्जा स्टॉल पर जाकर कहा, 'एक एक्स्ट्रा है क्या, भैया एक लेकर जाऊं प्लीज, पक्का ये एक्स्ट्रा है न...थैंक्यू यार...मैंने देखा यहां पर क्या पार्टी चल रही है...पिज्जा पार्टी'। इसके बाद एक्ट्रेस हाथ में पिज्जा थामें और अपना गाउन संभालते आगे बढ़ गईं। इसके बाद एक्ट्रेस का एक और वीडियो सामने आया, जिसमें वो इवेंट से बाहर आते नजर आईं। इस दौरान उन्होंने बताया कि आखिर उन्होंने वहां पिज्जा क्यों मांगा था। एक्ट्रेस ने पैपराजी से कहा, 'थैंक्यू आप सबने मेरे साथ शेयर किया, मुझे बहुत भूख लगी थी। थैंक्यू मेरी तरफ से...एक ट्रीट बाकी है मेरी तरफ से'। दोनों ही वीडियो काफी वायरल हो रहे हैं। एक्ट्रेस की क्यूनेस पर लोग फिदा हो रहे हैं और उन पर कमेंट सेक्शन में खूब प्यार लुटा रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# नए जेम्स बॉन्ड पर लग गई मुहर

**लॉस एंजिलिस।** जेम्स बॉन्ड को लेकर इंटरनेट पर चर्चाओं का बाजार गर्म है। कई मीडिया रिपोर्ट्स के दावों के मुताबिक एरोन टेलर-जॉनसन अगले जेम्स बॉन्ड के रूप में पर्दे पर नजर आएंगे। एक ब्रिटिश टैबलॉयड में छपी रिपोर्ट की मानें तो वे सबसे प्रतिष्ठित पात्रों में से एक जेम्स बॉन्ड के किरदार को निभाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करने से बस एक कदम दूर हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टेलर-जॉनसन को औपचारिक रूप से इस किरदार को निभाने की पेशकश की गई है और आने वाले दिनों में वे इस अनुबंध पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। फिल्म जेम्स बॉन्ड के निर्माता ईओएन प्रोडक्शंस ने रिपोर्ट पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।



# 380 शब्द बोलने के लिए 127 करोड़ रुपए की फीस

**लॉस एंजिलिस।** 'जॉन विकः चैप्टर 4' के कलेक्शन ने तो बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया। कियानू ने इस फिल्म के लिए जो फीस चार्ज की, उसे तो सुनिए।'जॉन विकः चैप्टर 4' की सफलता के बीच, एक नई रिपोर्ट से पता चला है कि फिल्म में कियानू रीव्स ने 169 मिनट के पूरे समय में केवल 380 शब्द बोले। इसकी तुलना में, पहली फिल्म जो 101 मिनट लंबी थी, उसमें कियानू ने 484 शब्द बोले थे। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि कियानू ने फिल्म में जो सबसे लंबा शब्द बोला है, वह है, 'तुम और मैं बहुत समय पहले एक अच्छा जीवन पीछे छोड़ चुके हैं, मेरे दोस्त।' इसमें आगे बताया गया है कि एक्टर को फिल्म के लिए 15 मिलियन डॉलर का भारी भुगतान किया गया था, जो करीब 127.5 करोड़ रुपए हैं।



# लाल साड़ी और मांग में सिंदूर भरे दिखीं

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन की 'पुष्पाः द राइज' साल 2021 में आई थी, तो और तभी से फैंस इसके सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फैंस की एक्साइटमेंट तबसे और अधिक बढ़ गई जब साल 2023 में इसका टीजर रिलीज किया गया था। अब यह फिल्म 15 अगस्त 2024 को रिलीज होने वाली है और रश्मिका मंदाना ने शूटिंग भी शुरू कर दी है। हाल ही 'पुष्पा 2' के सेट पर रश्मिका मंदाना की एक तस्वीर सामने आई है, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। मंदाना को 'पुष्पा 2ः द रूल' के सेट पर लाल साड़ी पहने और मांग में सिंदूर भरे स्पॉट किया गया। उनका लुक देखकर लग रहा है कि वह पुष्पराज के साथ शादी का सीक्वेंस शूट कर रही थीं। मालूम हो कि पुष्पा 2 में रश्मिका मंदाना की पुष्पराज यानी अल्लू अर्जुन से शादी हो जाएगी।



# रणदीप का ट्रांसफॉर्मेशन देख शॉक्ड हुए फैंस

**मुंबई।** 'हाईवे', 'सुल्तान' और 'सरबजीत', जैसी कई फिल्मों में अपने अभिनय से इंडस्ट्री में धाक जमा चुके एक्टर रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी डायरेक्शन डेब्यू को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। एक्टर ने फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' में अभिनय के साथ-साथ डायरेक्शन भी किया है। इस फिल्म में वह स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की भूमिका निभा रहे हैं। इसी बीच हाल ही में रणदीप हुड्डा ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें उनका लुक लोगों को चौंका रहा है। सामने आई तस्वीर में आप रणदीप हुड्डा का ट्रांसफॉर्मेशन देख सकते हैं। किस तरह रणदीप हुड्डा ने वीर सावरकर के किरदार के लिए अपना वजन कम किया है। इस फोटो में रणदीप को पहचानना मुश्किल हो रहा है।


## टीवी मसाला



# 10 साल तक करते रहे ना-ना, अब पहली बार ठहाके लगाएंगे आमिर

**मुंबई।** जो 10 साल में कभी नहीं हुआ, जिसकी चर्चा 2013 से ही हर किसी की जुबान पर है, वह आखरिकार अब होने वाला है। कॉमेडियन कपिल शर्मा के शो में पहली बार सुपरस्टार आमिर खान मेहमान बनकर पहुंचने वाले हैं। जी हां, 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' से लेकर 'द कपिल शर्मा शो' तक में तमाम सुपरस्टार्स कई बार नजर आए, लेकिन आमिर खान ने इस शो से हमेशा दूरी बनाए रखी थी।

# सूर्या पर भारी पड़े कंजी आंखों वाले बॉबी



**मुंबई।** 'कंगुवा' का टीज़र आखिरकार रिलीज हो गया है। मंगलवार को, सूर्या ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी आगामी रिलीज 'कंगुवा' का एक मिनट लंबा टीज़र शेयर किया, जिस पर फैंस ने शिवा के डायरेक्शन में बनी फिल्म पर रिएक्ट किया है। पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म का टीज़र इस कैप्शन के साथ शुरू हुआ कि 'कंगुवा वर्ल्ड के लिए खुद को तैयार रखें। यह उस जमीन की झलक देता है जहां हिंसा और खून-खराबा होता है।' सूर्या एक भयंकर योद्धा के रोल में खूंखार दिख रहे हैं, जो युद्ध के लिए सेना का नेतृत्व करता है। टीज़र में उनके लंबे बाल हैं और उनका लुक एकदम देहाती है। इसमें बॉबी देओल के कैरेक्टर की भी झलक दिख रही है, जो फिल्म में विलन बने हैं। सूर्या ने कंगुवा के टीज़र को शेयर करते हुए लिखा, 'दोस्तों #कंगुवा की एक झलक...!' फिल्म के रिलीज डेट की अभी घोषणा नहीं की गई है।


# नितेश की 'रामायण' को मिल गया लक्ष्मण

**मुंबई।** नितेश तिवारी की आनेवाली सबसे बड़ी फिल्म 'रामायण' पिछले काफी समय से चर्चा में है। यह फिल्म पिछले कुछ समय से अपनी स्टारकास्ट को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है। जहां रणबीर कपूर को फिल्म में भगवान राम का लीड रोल निभाने के लिए चुना गया है, वहीं साई पल्लवी सीता की भूमिका निभा रही हैं और यश रावण के रोल में नजर आएंगे। अब रिपोर्ट से पता चला है कि मेकर्स को आखिरकार अपना लक्ष्मण मिल गया है और यह कोई और नहीं बल्कि टीवी एक्टर रवि दुबे हैं। रवि एक टेलीविजन एक्टर और मेकर रहे हैं। उन्हें टेलीविजन शो 'जमाई राजा' से फेम मिला। रणबीर, साई और यश के अलावा, मेकर्स ने फिल्म में विभीषण की



भूमिका निभाने के लिए हरमन बावेजा को भी शामिल कर लिया है। फिल्म अप्रैल में फ्लोर पर जाएगी और फिल्म सिटी में इसकी शूटिंग की जाएगी। हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान, अरुण गोविल से रणबीर के भगवान राम का रोल प्ले करने पर सवाल किया गया था कि क्या एक्टर रामायण में अरुण गोविल की तुलना कर सकते हैं। अरुण गोविल ने कहा कि केवल समय ही यह बताएगा कि रणबीर अपने कैरेक्टर भगवान राम को शानदार तरीके से दिखा पाएंगे या नहीं।

# विक्की नहीं बल्कि शाहिद बनेंगे 'अश्वत्थामा'



मुंबई। शाहिद कपूर आखिरी बार फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में नजर आए थे। इस रोम-कॉम ड्रामा में शाहिद ने कृति सेनन के साथ बड़े पर्दे पर रोमांस फरमाया था। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 100 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया है। वहीं इस फिल्म के बाद अब एक्टर एक और बड़ी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें पहले विक्की कौशल दिखाई देने वाले थे। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं वो है 'अश्वत्थामा।' जी हां, हाल ही में शाहिद कपूर ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी नई फिल्म 'अश्वत्थामा' का ऐलान किया है। इसमें वह गुरु द्रोणाचार्य के पुत्र 'अश्वत्थामा' का किरदार निभाते नजर आएंगे। हालांकि शाहिद से पहले इस किरदार को विक्की कौशल निभाने वाले थे।

# 'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' अवॉर्ड में माधुरी ने लूटी महफिल

**मुंबई।** 'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' अवॉर्ड नाईट का आयोजन मंगलवार शाम मुंबई में किया गया। यह पुरस्कार उन भारतीय को दिया जाता है जो किसी न किसी तरह से देशहित के लिए कुछ कर रहे हैं। आइए आपको बताते हैं कि इस मौके पर बॉलीवुड के कौन-कौन से सितारे नजर आए और किसके हिस्से में 'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' की ट्रॉफी आई...




### माधुरी दीक्षित

*बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित 'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' में पहुंचीं। माधुरी बॉल-गाउन में बेहद हसीन लग रही थीं। उन्होंने अपने लुक को पूरा करने के लिए बालों का हाई बन बनाया हुआ था। वहीं माधुरी दीक्षित को 'सेंसेशनल सुपर स्टार' की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।*



### तमन्ना ने जीता खिताब

मशहूर फैशन डिजायनर मनीष मल्होत्रा को 'फैशन विजनरी' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं तमन्ना भाटिया को 'स्टार इन द स्पॉट-लाइट' के लिए 'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' की ट्रॉफी मिली। इस मौके पर तमन्ना बेहद खुश नजर आईं।




### बॉबी देओल 'मोस्ट लव्ड स्टार

अभिनेता बॉबी देओल को 'मोस्ट लव्ड स्टार' की ट्रॉफी मिली और कार्तिक आर्यन को 'स्टैंड आउट परफॉर्मर ऑफ द ईयर' के लिए 'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

### टाइगर श्रॉफ बने युथ आइकन

'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' में टाइगर श्रॉफ को 'युथ आइकन' की ट्रॉफी मिली। साथ ही साथ अनन्या पांडे को 'स्टैंड आउट परफॉर्मर ऑफ द ईयर फीमेल' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।




**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सं.30245631, दिनांक: 14.03.2024

विवरण : (1) 12 महीने की वारंटी के साथ RDSO विनिर्देश सं.TM/SM/9 दिनांक: 16.08.1991, द्वितीय संशोधन-2023 के अनुसार A.T वेल्डिंग के लिए वेल्ड ट्रिमर पावर पैक संस्करण की आपूर्ति, मात्रा: 14 संख्यक, (2) 12 महीने की वारंटी के साथ RDSO विनिर्देश सं.TM/SM/9 दिनांक : 16.08.1991, द्वितीय संशोधन-2023 के अनुसार A.T वेल्डिंग के लिए वेल्ड ट्रिमर पावर पैक संस्करण की आपूर्ति, मात्रा: 23 संख्यक। TPI द्वारा निरीक्षण।

द्रष्टव्य: सामग्री 60 दिन के भीतर आपूर्ति की जानी चाहिए।

निविदा खुलने की तिथि एवं समय: दिनांक 11.04.2024 को 1500 बजे।

विस्तृत विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक/ वाल्टियर

PR-1185/O/23-24



राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर
NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY RAIPUR
(An Institute of National Importance)
G.E. Road, Raipur – 492010 (CG)

Phone: (0771) 2252700
Fax : (0771) 2253104
Email: registrar@nitrr.ac.in
Website: www.nitrr.ac.Phone: (0771) 2252700

No./ NITRR/S&P/Advt./2024/4417 Raipur, Dated: 20/03/2024

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

रा.प्रौ.सं., रायपुर, संस्थान निम्न निविदायें आमंत्रित करता है, विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रं. | विभाग का नाम | निविदा क्रमांक | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | NITRR/S&P/EE/ OT/2024/4230 | 08/04/2024 सायं 06:00 बजे तक | 10/04/2024 सायं 4:00 बजे |

फॉर्म एवं अन्य जानकारियाँ वेबसाईट www.nitrr.ac.in, www.eprocure.gov.in/epublish/app एवं www.tenderwizard.com/NITR से डाउनलोड की जा सकती है।

–सही– कुलसचिव



**न्यायालयः- श्रीमान् मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

प्रो.नं.-609/24
मो.दु.दा.प्र.क्र.- 233/2022
आगामी पेशी तिथि-12.04.2024

गिरधारी राम व अन्य प्रति अजीत कुमार व अन्य

**आम सूचना/ईश्तहार**

बनामः-
1. अजीत कुमार आ. प्रवीण प्रसाद आयु लगभग 36 वर्ष, पेशा वाहन चालक निवासी मकान नं. 103, मंदिर हसौद, पोस्ट व थाना-मंदिर हसौद, जिला- रायपुर छ.ग.

इस समंश/नोटिस के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि इस अधिकरण में आवेदकगण ने मो.दु.दा.प्र.क्र.- 233/2022 गिरधारी राम व अन्य प्रति अजीत कुमार व अन्य में अतुलकान्त की दुर्घटना में हुई मृत्यु के संबंध में आपके विरूद्ध 43,51,760/- (तैंतालीस लाख इक्यावन हजार सात सौ साठ) रूपये क्षतिपूर्ति दिलाये जाने का दावा पेश किया है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप पेशी दिनांक-12.04.2024 के सुबह ठीक 11.00 बजे अधिकरण में स्वतः उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जो मुकदमें का जवाब दे सके, मुकदमें का जवाब देने हेतु हाजिर हों।

आपको ताकीद किया जाता है कि यदि आप उक्त दिनांक पर हाजिर नहीं होते हैं, तो आपकी गैरहाजिरी में मुकदमें में सुनवाई हो कर फैसला किया जायेगा। यदि उक्त दिनांक-12.04.2024 को अवकाश होने से अधिकरण का कामकाज बन्द रहता है, तो अगले कार्य दिवस पर मामले की सुनवाई की जायेगी।

अतः आज दिनांक 18/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

(राम कुमार तिवारी)
मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)

# टैक्सी ड्राइवर का बेटा मुस्तफा सुलेमान बना माइक्रोसाफ्ट एआई का सीईओ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिग्गज टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बिजनेस के लिए मुस्तफा सुलेमान को मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बना दिया है।


इसकी जानकारी मुस्तफा सुलेमान ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी है। उनकी टीम माइक्रोसॉफ्ट को एआई प्रोडक्ट्स प्रदान करेगी। यह टीम एज, बिंग और कोपायलट जैसे कई माइक्रोसाफ्ट एआई प्रोडक्ट्स और सर्विस पर काम करेगी। इसके साथ ही मुस्तफा सुलेमान माइक्रोसॉफ्ट के एआई सीईओ के पद के साथ ही कंपनी के सीनियर टीम का हिस्सा रहेंगे। यह टीम सत्या नडेला के अंडर काम करेगी।

■ सुलेमान ने 2010 में एआई लैब डीप माइंड नाम की कंपनी शुरू की थी

## खुद सुलेमान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दी जानकारी

### गूगल से विवाद के चलते छोड़ी कंपनी

लैब डीप माइंड के गूगल द्वारा अधिग्रहण के बाद सुलेमान को लंबे वक्त तक इस टीम का हिस्सा नहीं बनाया गया। इसके बाद गूगल से विवाद के चलते सुलेमान ने साल 2022 में कंपनी को छोड़ दिया। अब उन्होंने सत्या नडेला की माइक्रोसॉफ्ट को ज्वाइन कर लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुस्तफा सुलेमान के माइक्रोसॉफ्ट में शामिल होने के बाद से ही कंपनी कई दूसरे लोगों को भी अपनी टीम में शामिल कर सकती है।



### पिता चलाते थे टैक्सी

मुस्तफा सुलेमान का जन्म साल 1984 में यूके में हुआ था। उनके पिता सीरिया में टैक्सी चलाने का काम करते थे और मां यूके में नर्स थीं। उनका बचपन गरीबी में बीता है। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई यूके के थॉर्नहिल प्राइमरी स्कूल से की है। केवल 19 साल की उम्र में उन्होंने यूनिवर्सिटी छोड़ दिया था। साल 2010 में उन्होंने डेमिस हसाबी के साथ मिलकर डीप माइंड एआई कंपनी की शुरुआत की थी।

### गूगल में भी कर चुके हैं काम

मुस्तफा सुलेमान ने साल 2010 में एआई लैब डीप माइंड नाम की कंपनी की शुरुआत की थी। इसके बाद साल 2014 में इस कंपनी का अधिग्रहण गूगल ने कर दिया था। लैब डीप माइंड को माइक्रोसॉफ्ट की एआई का टक्कर देने वाली प्रमुख कंपनियों में से एक है।

## खबर संक्षेप

### सोना 70 रुपए चढ़ा, चांदी में 150 रुपए की तेजी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 70 रुपये की तेजी के साथ 66,320 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 150 रुपये की तेजी के साथ 76,650 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

### अवाडा एनर्जी का डीवीसी से बिजली खरीद समझौता



**नई दिल्ली।** अवाडा एनर्जी की शाखा अवाडा इनक्लीन ने गुजरात में 421 मेगावाट की अपनी सौर परियोजना से दामोदर घाटी निगम को बिजली की आपूर्ति करने का समझौता किया है। वह गुजरात में 421 मेगावाट की सौर बिजली परियोजना स्थापित करने की योजना बना रही है। बिजली डीवीसी को बेचने के 25 साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

### सेबी से भारती हेक्साकॉम के आईपीओ को मंजूरी



**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल की इकाई भारती हेक्साकॉम को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल गई है। हेक्साकॉम के आईपीओ में कोई नया शेयर जारी नहीं किया जाएगा। यह पूरी तरह बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित होगा।

## स्टार्टअप महाकुंभ को संबोधित किया पीएम ने

# भारत एआई में दुनिया की अगुवाई करेगा, स्टार्टअप के लिए बेहतर तंत्र बनाने की तैयारी : मोदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को युवा उद्यमियों और स्टार्टअप से दुनियाभर में आ रही चुनौतियों पर 'वैश्विक अनुप्रयोगों के लिए भारतीय समाधान' पर काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत कृत्रिम मेधा (एआई) क्षमता में दुनिया का नेतृत्व करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 'स्टार्टअप महाकुंभ' को संबोधित करते हुए कहा कि एआई, सेमीकंडक्टर और क्वॉन्टम पर पहले शुरू किए गए तीन मिशन युवाओं के लिए रोजगार और वैश्विक निवेशकों के लिए निवेश के अवसर पैदा करेंगे।

### राष्ट्रीय क्वॉन्टम मिशन को मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पहले सुपरकंडक्टिंग और फोटोनिक प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न मंचों में आठ वर्षों में 50-1000 भौतिक क्यूबिट के साथ मध्यवर्ती पैमाने के क्वॉन्टम कंप्यूटर विकसित करने के लिए राष्ट्रीय क्वॉन्टम मिशन को मंजूरी दी थी।

### राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन बनाने का फैसला

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने हजारों करोड़ रुपये के निवेश के साथ राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन बनाने का फैसला किया है और स्टार्टअप के वित्तपोषण के लिए एक बेहतर तंत्र बनाने की तैयारी भी कर रहा है। अंतरिम बजट में शोध एवं नवाचार के लिए एक लाख करोड़ रुपये के कोष की घोषणा की गई है।

### एआई में भारत का पलड़ा भारी रहेगा

पीएम ने कहा, 'हम एआई प्रौद्योगिकी के एक नए युग में हैं और दुनिया मानती है कि एआई में भारत का पलड़ा भारी रहेगा। अब यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है कि हम इस अवसर को जाने न दें।' उन्होंने कहा कि एआई युवा नवप्रवर्तकों और वैश्विक निवेशकों के लिए असीमित संभावनाएं प्रदान करता है।




### एआई मिशन के लिए 10,000 करोड़ की योजना मंजूर

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पहले ही भारत एआई मिशन के लिए 10,000 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है, जिसका उपयोग कंप्यूटर बुनियादी ढांचे के निर्माण और नवाचार के लिए स्टार्टअप को वित्तपोषण के साथ-साथ अन्य सहायता प्रदान करने के लिए किया जाएगा।

### नौकरी मांगने की जगह देने वाला बने



प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप कंपनियों को पेटेंट आवेदन में तेजी दिखाने की सलाह देते कहा कि ऐसा न करने पर कोई दूसरा उनके नवोन्मेषण का उपयोग करना शुरू कर देगा। उन्होंने कहा कि भारत में युवा अब नौकरी मांगने वाले के बजाय नौकरी देने वाले बन रहे हैं।

■ वैश्विक चुनौतियों के लिए भारतीय समाधान पेश करें

■ रोजगार और वैश्विक निवेशकों के लिए अवसर पैदा करेंगे

■ क्वॉन्टम कंप्यूटर विकसित करने राष्ट्रीय क्वॉन्टम मिशन को मंजूरी

### हमारे पास 110 से अधिक यूनिकॉर्न

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में देश में 100 स्टार्टअप भी नहीं थे और अब यह संख्या लगभग 1.25 लाख हो चुकी है। उन्होंने कहा, "लगभग 12 लाख युवा उन स्टार्टअप से सीधे जुड़े हुए हैं। हमारे पास 110 से अधिक यूनिकॉर्न हैं। हमारे स्टार्टअप ने 12,000 से अधिक पेटेंट आवेदन दाखिल किए हैं।"

# बाजार में खराब गुणवत्ता की चाय से छोटे उत्पादक चिंतित

एजेंसी ▶▶| कोलकाता।



■ सीआईएसटीए ने चाय बोर्ड से हस्तक्षेप की मांग की

■ युवाओं के बीच खपत बढ़ाने अभियान चलाया जाए

छोटे चाय उत्पादकों के संगठन कनफेडरेशन ऑफ इंडियन स्मॉल टी ग्रोअर्स एसोसिएशन (सीआईएसटीए) ने बाजार में कथित तौर पर खराब गुणवत्ता वाली चाय की बाढ़ पर चिंता व्यक्त की है और इस संबंध में चाय बोर्ड के हस्तक्षेप का आग्रह किया है।

चाय बोर्ड के चेयरमैन ए एस भाटिया को लिखे एक पत्र में सीआईएसटीए के अध्यक्ष बिजॉय गोपाल चक्रवर्ती ने कहा कि चाय पीने के स्वास्थ्य लाभों पर केंद्रित एक सामान्य अभियान उन युवाओं के बीच खपत को बढ़ावा देने के लिए चलाया जाना चाहिए जो शीतल पेय और कॉफी पीने के लिए अधिक आकर्षित होते हैं।

एसोसिएशन ने पत्र में कहा, 'हमने देखा है कि घरेलू बाजार में खराब गुणवत्ता वाली चाय की बाढ़ आ गई है और इन्हें बहुत कम कीमत पर बेचा जा रहा है। खराब गुणवत्ता वाली चाय का निर्माण और पैकेजिंग तुरंत बंद की जानी चाहिए। सीआईएसटीए ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय ने चाय के सामान्य अभियान के लिए बजट बढ़ाया है जो समय की मांग है। पत्र में कहा गया है, 18 वर्ष से 22 वर्ष के आयु वर्ग के युवा चाय पीने से बहुत दूर हैं और शीतल पेय और कॉफी के प्रति अधिक आकर्षण रखते हैं। चाय की प्रति व्यक्ति घरेलू खपत बढ़ाने के लिए चाय पीने के स्वास्थ्य लाभ पर प्रकाश डालने वाले एक केंद्रित सामान्य अभियान की आवश्यकता है।' एसोसिएशन ने टी बोर्ड के अध्यक्ष को लिखे एक अन्य पत्र में कहा कि चूंकि हरी पत्ती (ग्रीन टी) की कीमत पिछले सात साल से लगभग स्थिर है और उत्पादन लागत बढ़ रही है, इसलिए न्यूनतम समर्थन मूल्य या उचित मूल्य की आवश्यकता है।

### छोटे उत्पादकों की कुल उत्पादन में आधी हिस्सेदारी

सीआईएसटीए ने कहा, 'अगर हरी पत्ती के लाभकारी मूल्य पर पहुंचने के लिए ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है, तो छोटे चाय उत्पादक खुद को बनाए रखने में सक्षम नहीं होंगे।' छोटे चाय उत्पादक, देश के कुल उत्पादन में 50 प्रतिशत से अधिक का योगदान करते हैं।

# वीआईपी सिटी में महिला उद्यमियों के लिए स्पेशल डिस्काउंट ऑफर



**रायपुर।** महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से रियल एस्टेट कंपनी आरसीपी इंफ्राटेक द्वारा वीमेन इंटरप्रेन्योर्स को विशेष डिस्काउंट प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे अपने बिजनेस को आसानी से आगे बढ़ा सकें। कंपनी का मिशन ऑफर के माध्यम से महिला उद्यमियों को उत्साहित करना है। इस विशेष ऑफर के तहत सड्डू स्थित टाउनशिप वीआईपी सिटी में लाए गए कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में शॉप और ऑफिस की बुकिंग पर महिला उद्यमी को 10-15% की छूट दी जा रही है। सीमित अवधि के लिए लाए गए इस ऑफर को रिस्पांस भी अच्छा मिल रहा है। महिला उद्यमी आगे आकर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में शॉप और ऑफिस स्पेस की बुकिंग करा रही हैं। रेडी-टू-मूव इस कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में 250-375 वर्गफीट साइज के शॉप और ऑफिसेस हैं। ग्राउंड फ्लोर की शॉप मेज़ानाइन कॉन्सेप्ट पर हैं।

बता दें कि लगभग 300 एकड़ की इस मेगा टाउनशिप में 350 से ज्यादा फैमिली रह रही है। प्रोजेक्ट के आस-पास अच्छी-खासी बसाहट है। यह पॉश एरिया सड्डू-उरकुरा रोड, सड्डू-बरौंदा रोड और रिंग रोड-3 से कनेक्टेड है। प्राइम लोकेशन, आसान कनेक्टिविटी और बेहतर अवसर के लिए वीमेन इंटरप्रेन्योर्स के लिए यहां शॉप और ऑफिसेस लेना अच्छा मौका है, वो भी स्पेशल ऑफर के साथ।

# फोन या कार्ड की जरूरत नहीं अब स्मार्टवॉच से होगा पेमेंट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेमेंट करने के लिए आपको अब जेब से फोन निकालने या फिर पर्स निकालने की जरूरत नहीं पड़ेगी और केवल स्मार्टवॉच से बात बन जाएगी। भारतीय यूजर्स को पेमेंट का सबसे आसान विकल्प देने के लिए वियरेबल ब्रैंड नोइस ने एयरटेल पेमेंट बैंक और मास्टरकार्ड के साथ पार्टनरशिप की है। नई एयरटेल पेमेंटबैंक स्मार्टवॉच की मदद से यूजर्स कॉन्टैक्टलेस पेमेंट्स कर सकेंगे।

एयरटेल पेमेंट बैंक स्मार्टवॉच के साथ यूजर्स को कलाई पर ही टैप-एंड-पे का विकल्प मिल गया है। इस वॉच में मिलने वाला एनएफसी चिप ग्लोबल पेमेंट कंपनी मास्टरकार्ड के नेटवर्क को सपोर्ट करता है। इस तरह आसानी से रीटेल पार्टनर्स, पीओएस टर्मिनल्स और बाकी टच पॉइंट्स पर भुगतान करना आसान होगा। यूजर्स एक दिन में 1 रुपये से लेकर 25,000 रुपए तक का पेमेंट इस वॉच के जरिए कर सकेंगे।



■ यूजर्स एक दिन में 1 रुपए से लेकर 25 हजार रुपए तक का पेमेंट कर सकेंगे

■ वियरेबल ब्रैंड नोइस ने एयरटेल पेमेंट बैंक और मास्टरकार्ड के साथ की पार्टनरशिप

# देश में 5जी ग्राहक 4जी की तुलना में अधिक डेटा इस्तेमाल कर रहे

**नई दिल्ली।** भारत में 5जी सेवाओं का इस्तेमाल करने वाले मोबाइल ग्राहक 4जी उपभोक्ताओं की तुलना में मोबाइल डेटा का इस्तेमाल 3.6 गुना अधिक कर रहे हैं।

एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। देश में 5जी सेवाओं की शुरुआत अक्टूबर, 2022 में हुई थी। नोकिया की बुधवार को जारी 'मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स' रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में कुल डेटा ट्रैफिक में 5जी का योगदान 15 प्रतिशत रहा है।

# सेंसेक्स 90 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों के मजबूत रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और एसबीआई के शेयरों में लिवाली से बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि, रुपये में गिरावट और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली दबाव से बाजार का लाभ सीमित रहा। अत्यधिक उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 89.64 अंक की बढ़त के साथ 72,101.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 72,402.67 अंक के ऊपरी स्तर और 71,674.42 अंक के निचले स्तर को भी छुआ। निफ्टी 21.65 अंक की बढ़त के साथ 21,839.10 अंक पर बंद हुआ। भारतीय बाजार बढ़त में रहे। घरेलू संस्थागत निवेशकों के मजबूत रुख ने बाजार में तेजी को रफ्तार दी।



■ रिलायंस, आईटीसी और एसबीआई में रही खरीदारी

■ छोटे कंपनियों के शेयरों में रही बिकवाली

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

*सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति सुजुकी, नेस्ले, पावर ग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), आईटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से बढ़त में रहीं। दूसरी तरफ टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।*

# वी वाय हॉस्पिटल समाज के हर वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने प्रतिबद्ध



**रायपुर।** कमल विहार स्थित वी वाय हॉस्पिटल, 200 बिस्तरों का मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल अपनी अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं, अनुभवी विशेषज्ञों, समर्पित व सेवाभावी मेडिकल स्टॉफ तथा किफायती एवं बेहतर उपचार से ना सिर्फ रायपुर शहर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के स्वास्थ्य जगत को नए आयाम दे रहा है।

डॉ. विष्णु गुप्ता के नेतृत्व में अलग-अलग चिकित्सा विभागों में विशेषज्ञता प्राप्त, वरिष्ठ एवं अनुभवी डॉक्टर्स की एक बड़ी टीम हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। यहां विभिन्न रोगों एवं स्वास्थ्य समस्याओं, जैसे सभी प्रकार के हर्निया, पित्त की थैली, अपेंडिक्स, बच्चेदानी की गांठें, सभी प्रकार की स्तन की गांठें, छोटी एवं बड़ी आंत की बीमारी आदि का दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन एवं उपचार किया जाता है। साथ ही लेजर मशीन द्वारा पाईल्स (बवासीर), फ़िशर्स (नासूर), फिस्टुला (भंगदर) के ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध है।

हॉस्पिटल के वरिष्ठ जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. विष्णु गुप्ता के मुताबिक वी वाय हॉस्पिटल में हर्निया के उपचार के लिए दूरबीन (लेप्रोस्कोपिक) तकनीक का उपयोग किया जाता है जो पूर्ण रूप से प्रभावी व सुरक्षित तरीके से रोगी को तुरंत राहत प्रदान करती है। हॉस्पिटल समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुलभ करवाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत एवं पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं।

शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्टी पर, टांसिल बढ़ने पर, कूल्हा वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों ओर सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्फुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर
Makeover
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com

डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
(ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रोंकोस्कोपी स्लीप स्टडी

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
मो. 9977247553

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
(राज्य और शहर के प्रसिद्ध 22 सालों से क्षेत्र में अनुभवी)
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133




### कॉलेजियम ने पहले मद्रास उच्च न्यायालय स्थानांतरित करने रखा था प्रस्ताव

# जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल जाएंगे पटना हाईकोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल अब पटना हाईकोर्ट के जस्टिस होंगे। ध्यान रहे कि 15 मार्च 2024 को कॉलेजियम ने न्याय के बेहतर प्रशासन के लिए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अरविंद सिंह चंदेल को मद्रास उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव रखा था। प्रक्रिया ज्ञापन के अनुसार जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल से इस बारे में जवाब मांगा गया। 17 मार्च 2024 को भेजे गए एक पत्र में जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल ने अपने स्थानांतरण के प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने की बात कही। साथ ही उन्हें राजस्थान, मध्य प्रदेश, इलाहाबाद, पंजाब और हरियाणा या दिल्ली जैसे पांच उच्च न्यायालयों में से किसी एक में स्थानांतरित करने पर विचार करने का अनुरोध किया।



प्रक्रिया ज्ञापन के अनुसार कॉलेजियम ने सर्वोच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश से परामर्श किया, जो छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मामलों से परिचित होने के कारण प्रस्तावित स्थानांतरण पर अपने विचार देने की स्थिति में हैं। साथ ही पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, जिनकी राय प्रक्रिया ज्ञापन के संदर्भ में मांगी गई थी, ने भी न्यायमूर्ति अरविंद सिंह चंदेल के प्रस्तावित स्थानांतरण पर अपनी सहमति व्यक्त की। इसके बाद कॉलेजियम ने जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल द्वारा स्थानांतरण के प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने या उन्हें उपरोक्त पांच उच्च न्यायालयों में से किसी में स्थानांतरित करने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया। हालांकि उनकी कठिनाई को देखते हुए, कॉलेजियम ने आंशिक रूप से उनके अनुरोध को स्वीकार किया है।

### करीब 6 सालों से छग हाईकोर्ट में जज हैं

गौरतलब है कि जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल का जन्म 1 सितंबर 1963 को बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में हुआ। उन्होंने बी.ए. की उपाधि पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़) और एल.एल.बी की उपाधि गुरुघासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) से प्राप्त की। 26 अगस्त 1987 को व्यवहार न्यायधीश वर्ग -2 के रूप में व्यवहार न्यायालय, शहडोल (मध्यप्रदेश) में पदग्रहण किया। उसके बाद मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों में अधीनस्थ न्यायपालिका के विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दी। उन्होंने राज्य परिवहन अपीलीय प्राधिकरण में पीठासीन अधिकारी के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। उसके उपरांत उन्होंने जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कवर्धा के रूप में अपनी सेवाएं दी। छ.ग. उच्च न्यायालय में अतिरिक्त रजिस्ट्रार (प्रशासन) और रजिस्ट्रार (सतर्कता) और (निरीक्षण व जांच) के रूप में अपनी कार्य किया।

### अमेरिका में बन रहा दुनिया का सबसे बड़ा प्लेन

# बोइंग 747-400 से 4 गुना बड़ा, अंदर आ सकते हैं 3 ओलंपिक स्विमिंग पूल

*वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच तटवर्ती पवन फार्म एक संभावित विकल्प बन रहे हैं। बड़े पवन टर्बाइन मानक टर्बाइनों की तुलना में अधिक बिजली पैदा करते हैं लेकिन इनके कंपोनेंट सड़क मार्ग से ले जाने के लिहाज से काफी बड़े होते हैं। इसका समाधान अमेरिका के कोलोराडो बेस राडिया नाम के एनर्जी स्टार्टअप ने ढूंढ़ा है। राडिया ने विमानन इतिहास में सबसे बड़ा विमान विकसित करने का फैसला लिया है और इस पर काम भी शुरू कर दिया है। कंपनी जिस विंडरनर एयरप्लेन को बना रही है, उसका मिशन 300 फुट लंबे विशाल ब्लेडों को सीधे पवन फार्मों तक पहुंचाना है।*

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

दुनिया को अपने डीकार्बोनाइजेशन लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करने के लिए यह टिकाऊ विमानन ईंधन का उपयोग करेगा और इसे उतरने के लिए केवल एक साधारण पैक्ड-डर्ट या बजरी रनवे की आवश्यकता होगी। ये 6,000 फीट (1,800 मीटर) की हवाई पट्टियों पर उतर सकता है।

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, राडिया का कहना है कि यह क्षेत्रीय केंद्रों से संचालित होगा और जहां जरूरत होगी वहां




सेवाएं प्रदान करेगा। इस विमान के लिए ऐसा कुछ नहीं होगा जो कोई दूसरा बड़ा वाणिज्यिक विमान नहीं कर सकता है।

### क्या हैं इसकी खूबियां

*इस विमान की खूबियों की बात करें तो विंडरनर के पास 272,000 क्यूबिक फीट का कार्गो बे वॉल्यूम होगा, जो तीन ओलंपिक स्विमिंग पूल रखने के लिए पर्याप्त है। यह बोइंग 747-400 के से 12 गुना है। ये 356 फीट के विस्तार के साथ 127 फीट लंबा भी है। जहां तक पंखों के फैलाव की बात है, वह 261 फीट है। यह एंटोनोव एएन-225 को भी बौना बना देगा, जो अब तक का सबसे भारी विमान है, जो यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की शुरुआत में नष्ट हो गया था। राडिया का कहना है कि वह मौजूदा प्रौद्योगिकी और सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रही है। वह आजमाई हुई, सही विमानन सामग्री और निर्माण तकनीकों का उपयोग कर रही है, जिनके पास एफएए [यूएस फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन] की मंजूरी है। कंपनी का विचार अच्छी तरह से निर्मित बेड़े के साथ जमीन पर उतरने का है, जो एयरोस्पेस उद्योग के मानकों को पूरा करता हो। इसके 2027 तक वाणिज्यिक संचालन की बात कही गई है लेकिन राडिया की वेबसाइट पर कोई तारीख नहीं दी गई है। ऐसे में इस बात पर निगाहें हैं कि कब तक विंडरनर को लॉन्च किया जा सकता है।*

### वायुसेना में शामिल हुआ एरीआई अवाक्स

*इन महत्वाकांक्षी दावों के पीछे राडिया संस्थापक और सीईओ मार्क लुंडस्ट्रम हैं, जो एक क्रॉस-इंडस्ट्री उद्यमी और एमआईटी एयरोस्पेस इंजीनियर हैं। उन्होंने 2016 में राडिया की स्थापना की थी। कंपनी का कहना है कि उसके सलाहकारों की टीम में बोइंग, एमआईटी, रोल्स-रॉयस और एफएए के पूर्व शीर्ष अधिकारियों के साथ-साथ अमेरिकी ऊर्जा सचिव अर्नेस्ट मोनिज और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधान मंत्री मैल्कम टर्नबुल भी शामिल हैं।*

# मशरूम से मिलेगा सोना! खोजे गोल्ड नैनो पार्टिकल्स



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मशरूम से अब सोना निकलेगा। जी हां ये हम नहीं कह रहे हैं बल्कि यह दावा तो वैज्ञानिकों ने किया है। दरअसल, गोवा में रिसर्चर्स का कहना है कि उन्होंने जंगली मशरूम से गोल्ड नैनो पार्टिकल्स बनाए हैं। इस मशरूम को गोवा में बड़े चाव से खाया जाता है। यह मशरूम टर्मिटोमाइसेस प्रजाति का है, जो दीमक की पहाड़ियों पर उगता है। इसे लोकल लोग अपनी भाषा में 'रोन ओलमी' कहते हैं। यह जंगली मशरूम गोवा के लोगों के बीच काफी फेमस है। लोग इसे मानसून के समय अधिक खाते हैं। वैज्ञानिकों ने हाल ही में मशरूम के दानेदार रूपों का प्रयोग कर सोने के नैनोकण बनाए हैं। यह शोध हाल ही में हुआ है। इस शोध को टेलर और फ्रांसिस द्वारा प्रकाशित जर्नल ऑफ जियोमाइक्रोबायोलॉजी में प्रकाशित किया गया था।

### एक ग्राम की कीमत 80,000 डॉलर

सोने के नैनोपार्टिकल की कीमत काफी अधिक है। फरवरी 2016 तक एक मिलीग्राम सोने के नैनोपार्टिकल की कीमत लगभग 80 डॉलर थी, जो प्रति ग्राम 80,000 डॉलर के बराबर है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com